RAJHIN/2014/55262

sancharjagat.com

खबरों व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
संचार जगत
मो.नम्बर:- +917357161599

संचार जगत

दैनिक समाचार पत्र

sancharjagat.com

editorial@sancharjagat.com

'सोच को इतना बड़ा रखो कि असफलता भी एक छोटा कदम लगे। सफलता कोई मंजिल नहीं, यह एक दिशा है। बड़ा सोचो, बड़ा करो।'

वर्ष: 13 | अंक: 273 जयपुर, सोमवार, 02 नवम्बर , 2026 मूल्य: 2.00 रूपए पृष्ठ : 8

सिंगर हनी सिंह के भतीजे समेत दो लोगों की मौत

जालंधर, आरएनएन। पंजाबी सिंगर यो यो हनी सिंह पर दुखों का पहाड़ टूट गया है। उनके भतीजे की एक सड़क हादसे में मौत हो गई है। पंजाब के जालंधर में रविवार की सुबह एक खतरनाक सड़क हादसे में सिंगर के भांजे और पंजाबी म्यूजिक कंपनी स्पीड रिकॉर्ड्स के मालिक के बेटे की मौत हो गई। सड़क किनारे खड़ी एक नगर निगम की ट्रैक्टर-ट्रॉली से उनकी कार जा टकराई। दुर्घटना इतनी खतरनाक थी कि मौके पर ही कार में मौजूद सिंगर के भांजे समेत दो लोगों की मौत हो गई।

मृतकों की पहचान विदित ओलक और आरव तलवार के रूप में हुई है। विदित ओलक हनी सिंह के भतीजे हैं और दूसरा शख्स पप्पी स्वीट्स के मालिक का बेटा था। यह हादसा जालंधर के पुलिस लाइंस इलाके के पास एक फ्लाईओवर पर हुआ। इस बात की जानकारी खुद हनी सिंह ने दी है।

लग्जरी ब्रोच हीरे, रूबी और कीमती रत्नों से सजा यह ड्रैगनफ्लाई ब्रोच 10 साल में बनकर हुआ है तैयार

नीता अंबानी के कंधे पर 15 करोड़ का ड्रैगनफ्लाई

नई दिल्ली/संचार जगत

मुकेश अंबानी की पत्नी नीता अंबानी अपने लग्जरी लुक्स के चलते अक्सर ही लाइमलाइट में रहती हैं। कभी अपने कपड़ों, तो कभी जूलरी की खूबी से सबका ध्यान अपनी ओर खींचती हैं, तो इस बार उनके कंधे पर लगा करोड़ों की कीमत वाला ड्रैगनफ्लाई चर्चा में है। जिसे उन्होंने पैंट- सूट के साथ स्टाइल किया और क्लासी लुक दिखाकर बाजी मार ली।

दरअसल, मिसेज अंबानी एनएमएसीसी (नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर) में लाइब्रेरी के लॉन्च इवेंट में पहुंची थीं। जिसके लिए उन्होंने साड़ी नहीं बल्कि बिजनेसवूमन वाला सोफिकेटेड लुक अपनाया और अपनी छाप छोड़ गईं। तभी तो इवेंट में पहुंचे बॉलीवुड सितारों के बीच भी हमेशा की तरह उनके ही लुक की बातें हो रही हैं। जिसके हर डिटेल बेहद खास है। नीता



अंबानी इस इवेंट के लिए बेज कलर के अटायर में आईं, जिसमें सिंपलिसिटी और एलिगेंस का खूबसूरत मेल दिखा। उन्होंने मैचिंग पैंट के साथ बेज लिनेन ब्लेजर पहना, जिसमें पफ्ड शोल्डर्स और एल्बो- लेंथ बैलून स्लीव्स इसे खास बना रही हैं। ब्लेजर का टेलर्ड फिट और सामने लगे बटन पूरे लुक को क्लासी टच दे रहे हैं। खासकर, मोनोक्रोम स्टाइलिंग ने उनके लुक की सोफिस्टिकेटेड वाइब्स को एन्हांस किया। नीता ने ब्लेजर के साथ सेम कलर टोन में लेस टॉप पेयर किया, जो उनके फॉर्मल लुक के साथ खूबसूरत कंट्रास्ट बना रहा है। टॉप की डेलिकेट लेस डिटेलिंग ब्लेजर के स्ट्रक्चर्ड लुक को सॉफ्ट और फेमिनिन टच देती है। दोनों का साथ में कॉम्बिनेशन आउटफिट को ज्यादा अट्रैक्टिव बनाता है, जबकि ब्लेजर की नेकलाइन से विजिबल होता लेस वर्क नीता के लुक में एक अलग ही ग्रेस जोड़ता है।

ड्रैगनफ्लाई डिजाइन वाले ब्रोच में क्या है खास...

नीता अंबानी के इस लुक की सबसे खास बात उनका ड्रैगनफ्लाई डिजाइन वाला ब्रोच है, जिसने सिंपल से दिखने वाले ब्लेजर को स्टेटमेंट आउटफिट बना दिया। एनएमएसीसी के इंस्टाग्राम पर शेयर की गई जानकारी के अनुसार, ये ब्रोच मशहूर जूलरी आर्टिस्ट वॉलेस चान ने डिजाइन किया है। ड्रैगनफ्लाई से प्रेरित इस ब्रोच का डिजाइन सपनों, आजादी और अनंत संभावनाओं का प्रतीक माना जाता है। इसकी बारीक कारीगरी और अनोखे डिजाइन को तैयार करने में पूरे 10 साल का समय लगा। वॉलेस चान के इस Soaring Spirit ब्रोच को बनाने में बेहद कीमती रत्नों का इस्तेमाल किया गया है। इसमें 17.6 कैरेट का tsavorite garnet, demantoid garnet, येलो डायमंड, डायमंड, कलर्ड डायमंड, रूबी, टाइटेनियम और पिंक सैफायर जैसे रत्न शामिल हैं। इस अनोखे ब्रोच की कीमत इंटरनेट पर 12- 15 करोड़ रुपये के बीच बताई जाती है।

ईपीएफओ ने लॉन्च की वॉट्सएप सर्विस

1 लाख खातों में पड़े पैसे ऑटोमैटिक क्रेडिट होंगे

नई दिल्ली/संचार जगत

ईपीएफओ के करोड़ो सब्सक्राइबर्स के लिए बड़ी खबर है। संगठन ने 2 बड़ी सुविधाओं का ऐलान किया है। केंद्रीय श्रम मंत्री डॉ मनसुख मांडविया ने रविवार को ईपीएफओ की वॉट्सएप सेवाओं और निष्क्रिय पीएफ खातों के ऑटोमैटिक सेटलमेंट की शुरुआत की है।

इससे खाताधारक वॉट्सएप पर पीएफ बैलेंस, पिछली 5 ट्रांजैक्शन और पासबुक की जानकारी ले सकेंगे। वहीं, 1,000 रुपये तक बैलेंस वाले करीब 1 लाख निष्क्रिय खातों में जमा 5 करोड़ रुपये का भुगतान बिना व्यक्तिगत क्लेम के किया जाएगा। इसका मकसद ऐसे खाताधारकों तक उनकी जमा राशि पहुंचाना है, जिनके निष्क्रिय खातों में छोटी रकम पड़ी हुई है।

गाजीपुर में ढाका-टांगाइल हाईवे किया जाम, पुलिस चौकी में भी लगा दी आग

बांग्लादेश में मजदूरों का विद्रोह, वेतन बढ़ाने की मांग पर तोड़फोड़-आगजनी

कम से कम 30,000 टका यानी करीब 23,000 रुपए मासिक वेतन की मांग पर अड़े कर्मी





नई दिल्ली/संचार जगत

बांग्लादेश में न्यूनतम वेतन बढ़ाने की मांग को लेकर गारमेंट कर्मचारियों ने रविवार को गाजीपुर और राजधानी ढाका में प्रदर्शन किया। गाजीपुर में कर्मियों ने ढाका-टांगाइल हाईवे को जाम कर दिया और कम से कम 30,000 टका यानी करीब 23,000 रुपये मासिक वेतन की मांग की।

प्रदर्शन के बीच सरकार ने नया न्यूनतम वेतन बोर्ड बनाने का ऐलान किया है। गाजीपुर में कर्मियों ने नारेबाजी करते हुए हाईवे पर प्रदर्शन किया। कालीकैर उपजिला में सफीपुर बाजार, चंद्रा पल्लि बिद्युत, मौचक और तेलीचाला समेत हाईवे के कई हिस्सों पर कर्मचारी लाठी लेकर पहुंच गए। आसपास की फैक्ट्रियों के कर्मचारियों ने सुबह अपने-अपने कार्यस्थल पर उपस्थिति दर्ज कराने के बाद प्रदर्शन में हिस्सा लिया। प्रदर्शन के दौरान कुछ गाड़ियों में आग लगा दी गई।

सड़क जाम कर किया प्रदर्शन

प्रदर्शन के दौरान कोनाबारी इलाके में ढाका-टांगाइल हाईवे के बीच बने एक पुलिस चौकी में आग लगा दी गई। कोनाबारी थाने के प्रभारी अधिकारी इफ्तेखार हुसैन के मुताबिक, इस घटना की जानकारी सामने आई है। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) की पांच प्लाटून भी तैनात की गई। ढाका में भी गारमेंट कर्मचारियों ने मीरपुर-10 चौराहे पर सड़क जाम कर प्रदर्शन किया। मीरपुर के अलग-अलग इलाकों से कर्मचारी रविवार सुबह यहां पहुंचे और चौराहे को जाम कर दिया. इसके कारण मीरपुर-10 मेट्रो स्टेशन के गेट बंद कर दिए गए। पुलिस को मौके पर भेजा गया।

गारमेंट उद्योग में कार्यरत है 40 लाख कर्मचारी

बांग्लादेश के गारमेंट उद्योग में 4,000 पंजीकृत फैक्ट्रियां हैं और इनमें 40 लाख से ज्यादा कर्मी हैं। बांग्लादेश गारमेंट मैन्युफैक्चरर्स एंड एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन के मुताबिक, देश चीन के बाद दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा कपड़ा निर्यातक है। वित्त वर्ष 2025-26 में बांग्लादेश से 38.70 अरब डॉलर के गारमेंट का निर्यात हुआ। यहां के कपड़े 150 से ज्यादा देशों में भेजे जाते हैं।

सरकार ने बनाया नया वेतन बोर्ड

श्रम एवं रोजगार मंत्री अरिफुल हक चौधरी ने प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों से काम पर लौटने की अपील की. उन्होंने सचिवालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि सरकार कर्मचारियों की मांगों को 'पूरी गंभीरता' से ले रही है. उन्होंने बताया कि कर्मचारियों की मांग के अनुसार नया न्यूनतम वेतन बोर्ड बनाया गया है और उम्मीद जताई कि अब कर्मचारी सड़कों से हटकर अपनी फैक्ट्रियों में लौटेंगे।

बढ़ती महंगाई के खिलाफ जर्मनी और फ्रांस में उग्र प्रदर्शन

फ्रैंकफर्ट/पेरिस, आरएनएन। बढ़ती महंगाई और शिक्षा के मुद्दों को लेकर जर्मनी और फ्रांस में विरोध प्रदर्शन उग्र हो गए हैं। जर्मनी में हजारों युवाओं के सड़कों पर उतरने के बाद फ्रैंकफर्ट और कोलोन जैसे प्रमुख शहरों में हिंसक झड़पें और लूटपाट हुई, जिसके चलते पुलिस को वाटर कैनन का इस्तेमाल करना पड़ा। जर्मनी में युवा-नेतृत्व वाले आंदोलन जेन जी रेगेल्ट ने बर्लिन, फ्रैंकफर्ट, कोलोन, हैम्बर्ग और म्यूनिख समेत प्रमुख शहरों में प्रदर्शन आयोजित किए। देश भर में लगभग 1.20 लाख लोग सड़कों पर उतरे। ये प्रदर्शन शाम ढलते ही कई शहरों में हिंसक हो गए। फ्रैंकफर्ट में भीषण उपद्रव देखने को मिला, जहां नकाबपोश समूहों ने शहर के मुख्य शॉपिंग इलाके जाइल में दुकानों के शीशे तोड़ दिए और स्टोरों में लूटपाट की। दूसरी ओर, बर्लिन में ब्रैंडेनबर्ग गेट के पास मुख्य सभा काफी हद तक शांतिपूर्ण रही, हालांकि शहर के अन्य हिस्सों में हुई कई घटनाओं में 27 पुलिसकर्मी मामूली रूप से घायल हो गए।


घूंघट ओढ़े महिला की मूर्ति ने बनाया नीलामी का रिकॉर्ड



नई दिल्ली/संचार जगत

ऑस्ट्रिया की राजधानी वियना में संगमरमर की एक मूर्ति 1.925 मिलियन यूरो (20 करोड़ से ज्यादा भारतीय रुपए) में बिकी है। इस नीलामी ने इतालवी बारोक मूर्तिकार एंटोनियो कोराडिनी की कलाकृतियों की बिक्री का नया विश्व रिकॉर्ड बना दिया है। नीलामी घर डोरोथियम ने बताया है कि नीलामी हॉल में मौजूद लोगों के अलावा फोन से जुड़े बोलीदाताओं ने इस बेहद खास मूर्ति को हासिल करने के लिए बढ़-चढ़कर बोलियां लगाईं, जिससे इसकी कीमत एक नए रिकॉर्ड तक पहुंच गई।

20 करोड़ रुपए में बिकी



अंतरिक्ष से रूस का दूसरा इंटरनेट सैटेलाइट भी गिरा

नई दिल्ली/संचार जगत

रूस अपना खुद का उपग्रह इंटरनेट सिस्टम बना रहा है। इसका नाम रासवेत है। यह स्पेसएक्स के स्टारलिंक जैसा काम करेगा। लेकिन एक बार फिर मुसीबत आ गई। रासवेत-3 नंबर 17 नाम का उपग्रह शुक्रवार 30 अक्टूबर को धरती के वायुमंडल में घुसकर जल गया। यह उपग्रह 19 जुलाई को आसमान में भेजा गया था। तीन महीने भी नहीं गुजरे थे कि यह वापस गिर गया। इससे पहले जून में भी एक ऐसा ही उपग्रह जल चुका था।

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन चाहते हैं कि उसे विदेशी कंपनियों पर निर्भर न रहना पड़े। खासकर दूर-दराज के इलाकों में अच्छा इंटरनेट पहुंचे। युद्ध और पाबंदियों के समय खुद का सिस्टम होना बहुत जरूरी है। इसलिए रूस कई छोटे उपग्रह आसमान में भेज रहा है जो मिलकर इंटरनेट देंगे. आमतौर पर उपग्रह को पहले थोड़ी नीची ऊंचाई पर भेजते हैं। फिर उसके इंजन से उसे ऊपर ले जाते हैं। लेकिन यह उपग्रह ऊपर नहीं जा पाया। धीरे-धीरे नीचे आता गया और आखिर में जल गया। जून वाले उपग्रह के साथ भी यही हुआ था।

अच्छी बात यह है कि अभी करीब 30 उपग्रह आसमान में हैं। ज्यादातर 500 किमी की ऊंचाई पर पहुंच चुके हैं। पूरा काम रुका नहीं है पर दिक्कतें जरूर आ रही हैं। इतने सारे उपग्रह सही जगह पहुंचाना और लंबे समय तक चलाना आसान नहीं है। एलन मस्क के स्टारलिंक ने हजारों उपग्रह भेजकर यह काम कर दिखाया है। रूस को अभी अनुभव कम है। पाबंदियों की वजह से कुछ जरूरी पार्ट्स भी आसानी से नहीं मिल रहे होंगे।

पोलैंड संवैधानिक संकट चरम पर पहुंच गया तनाव

टस्क बोले, कानून के शासन पर कोई डील नहीं

नई दिल्ली/संचार जगत

पोलैंड के पीएम डोनाल्ड टस्क ने टीवी पर प्रसारित संबोधन में देश के गहराते संवैधानिक न्यायाधिकरण संकट पर कड़ा रुख अपनाते हुए है कहा कि हिंसा पर कानून के शासन की जीत होगी। देश की न्यायपालिका को लेकर तनाव चरम पर पहुंच गया है। पोलैंड के संवैधानिक न्यायालय की संरचना को लेकर जारी विवाद ने राष्ट्रपति कारोल नावरोत्स्की के साथ खुला टकराव पैदा कर दिया है।

नए जजों की नियुक्ति को ल गतिरोध के बीच राष्ट्रपति ने संवैधानिक न्यायाधिकरण की इमारत में प्रवेश करने का प्रयास किया था। इस दौरान पुलिस ने इमारत को घेर लिया। घटनाक्रम का टीवी पर सीधा प्रसारण हुआ, जिससे यह संकट पोलैंड से बाहर यूरोप की व्यापक राजनीतिक बहस का भी विषय बन गया। विपक्ष ने टस्क सरकार पर तख्तापलट की कोशिश करने का आरोप लगाया है। वहीं, सरकार का कहना है कि वह न्यायपालिका में वर्षों से जारी लॉ एंड जस्टिस टीं के हस्तक्षेप के बाद कानून का शासन बहाल करने जरूरी सुधार लागू कर रही है।

4 आईएएस को केंद्र में प्रतिनियुक्ति पर भेजने से सरकार का इनकार

नई दिल्ली/संचार जगत

मप्र सरकार का तर्क, प्रदेश में है आईएएस अधिकारियों की कमी

- **मप्र में आईएएस के स्वीकृत 459 पदों में से 68 पद रिक्त**

प्रदेश के 4 आईएएस अधिकारियों को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाने की अनुमति देने से राज्य सरकार ने इनकार कर दिया है। इन अधिकारियों में हर्षिका सिंह, रोहित सिंह, अभिजीत अग्रवाल और अनुराग चौधरी शामिल हैं।

ये चारों मप्र कैडर के 2012 बैच के अधिकारी हैं। हर्षिका सिंह वर्तमान में संचालक बजट, रोहित सिंह प्रबंध संचालक मप्र पाठ्यपुस्तक निगम, अभिजीत अग्रवाल प्रबंध संचालक मप्र राज्य सहकारी विपणन संघ (मार्कफेड) और अनुराग चौधरी प्रबंध संचालक मप्र मत्स्य महासंघ के पद पर पदस्थ हैं। जानकारी के मुताबिक अधिकारियों को प्रतिनियुक्ति पर जाने की स्वीकृति देने से मना करने के पीछे सरकार का तर्क है कि प्रदेश में आईएएस अधिकारियों की कमी है। मप्र में आईएएस के स्वीकृत 459 पदों में से 68 पद रिक्त हैं। पहले से केंद्र सरकार में सेवाएं दे रहे मप्र कैडर के आईएएस अधिकारी अगले साल केंद्रीय प्रतिनियुक्ति अवधि पूरी कर वापस आना शुरू हो जाएंगे। इसके बाद से प्रदेश के उन अधिकारियों को प्रतिनियुक्ति पर भेजा जाएगा, जिन्होंने इसकी अनुमति मांगी है। अधिकारियों का मानना है कि राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को आईएएस अवॉर्ड देने में देरी भी अधिकारियों के पद रिक्त रहने का एक कारण है।

चाकसू में बन्दरों के आतंक से छुटकारे की संभावना बन्दर पकड़ो अभियान शुरू

संचार जगत

चाकसू। चाकसू नगरपालिका के निवासी पिछले कई सालों से बंदरों के आतंक से दुखी हो रहे थे। अधिशासी अधिकारी से लेकर एसडीएम तक अनुनय-विनय के साथ बन्दरों के आतंक से राहत दिलाने की मांग कर चुके हैं। गृहणियों के साथ बच्चे बूढ़े सब परेशानी महसूस कर रहे थे। बन्दरों के हमले एवं काट खाने से अनेकों पीड़ित अस्पताल तक पहुंच गये। नगरपालिका के नवनिर्वाचित बोर्ड के सदस्यों ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा देवी शर्मा के निर्देश पर नगरपालिका अधिशासी अधिकारी ने बन्दरों के पकड़ने एवं जंगल में छोड़ने के लिए ठेकेदार को कार्यादेश दे दिए। ठेकेदार ने बन्दरों के आवागमन केंद्रों पर पिंजरे रखवा कार कार्य शुरू कर दिया।

अब मुरासु तूफान मचाएगा भारी तबाही, अलर्ट जारी

नई दिल्ली, आरएनएन। बंगाल की खाड़ी में बना गहरा दबाव रविवार, 1 नवंबर को चक्रवाती तूफान मुरासु में बदल गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, यह तूफान तेजी से आंध्र प्रदेश के तट की ओर बढ़ रहा है। इसके 3 नवंबर की सुबह नेल्लोर और नरसापुर के बीच तट से टकराने की आशंका है। इस दौरान 100 से 110 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। हवा के झोंकों की रफ्तार 120 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती है। तूफान के असर से आंध्र प्रदेश के कई जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश होने का अनुमान है।

पंजाब में आप को झटका 2 MLA ने दिया इस्तीफा

चंडीगढ़, आरएनएन। पंजाब में आम आदमी पार्टी (आप) को बड़ा राजनीतिक झटका लगा है। पटियाला जिले की समाना से विधायक चेतन सिंह जोड़ामाजरा और सनौर से विधायक हरमीत सिंह पठानमाजरा ने रविवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया।

दोनों का इस्तीफा ऐसे समय आया है, जब पार्टी ने एक दिन पहले ही 2027 के पंजाब विधानसभा चुनाव के लिए 40 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की थी। हालांकि, आम आदमी पार्टी ने अभी तक समाना व सनौर विधानसभा सीटों के लिए अपने उम्मीदवारों के नाम घोषित नहीं किए हैं। ऐसे में दोनों विधायकों के इस्तीफे के बाद पंजाब की राजनीति में हलचल तेज हो गई है।

लोंगिया में सामुदायिक भवन की मरम्मत एवं सौंदर्यीकरण कार्य का किया शुभारम्भ

विधायक कोष से 11.80 लाख रुपये की राशि स्वीकृत

संचार जगत



जयपुर। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने रविवार को अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के वार्ड संख्या 11 स्थित लोंगिया में सामुदायिक भवन की मरम्मत एवं सौंदर्यीकरण कार्य का शुभारम्भ किया। इस कार्य के लिए देवनानी द्वारा विधायक कोष से 11.80 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। इस अवसर पर वासुदेव देवनानी ने कहा कि कि क्षेत्रवासियों को बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाना उनकी प्राथमिकता है। सामुदायिक भवन स्थानीय निवासियों के सामाजिक एवं सामूहिक आयोजनों का महत्वपूर्ण केंद्र होते हैं। इस सामुदायिक भवन के निर्माण से क्षेत्र के गरीब व मध्यम वर्ग के परिवारों को विवाह, सामाजिक समारोह एवं अन्य सामूहिक आयोजनों के लिए एक सुरक्षित व सुविधाजनक स्थान उपलब्ध होगा। देवनानी ने कहा कि अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र में नागरिकों की आवश्यकताओं के अनुरूप विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है।

सड़क, रोशनी, जल निकासी, स्वास्थ्य सेवाओं तथा सार्वजनिक सुविधाओं से जुड़े कार्यों के माध्यम से क्षेत्रवासियों को बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के प्रयास निरंतर जारी हैं। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि नव अजमेर के निर्माण की दिशा में अनेक महत्वाकां परियोजनाओं पर कार्य चल रहा है। अजमेर प्रवेश मार्ग पर 8 करोड़ रुपए से अधिक लागत से सौंदर्यीकरण कार्य किए जा रहे हैं। इससे शहर में प्रवेश करते ही आगंतुकों को सुखद अनुभव प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा, रोजगार और आधारभूत ढांचे पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि पंचशील में अत्याधुनिक साइंस पार्क विकसित किया जा रहा है। विद्यार्थियों व बेटियों के लिए निःशुल्क व आधुनिक सुविधाओं से युक्त चार मंजिला लाइब्रेरी का निर्माण जारी है। उन्होंने कहा कि हाथीखेड़ा में बच्चियों के लिए 20 करोड़ रुपये की लागत से सैनिक स्कूल तथा युवाओं के रोजगार हेतु आईटी पार्क स्थापित किया जा रहा है

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने की शोक संवेदना

जयपुर। राज्यपाल बागडे ने जयपुर के आराध्य श्री गोविंद देव जी मंदिर के महंत अंजन कुमार गोस्वामी जी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। बागडे ने ईश्वर से पुण्यात्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों एवं अनुयायियों को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है।

व्रत के चलते महिलाओं ने किया अलसुबह उठकर स्नान

संतान की दीर्घायु और सुख-समृद्धि के लिए महिलाओं ने रखा अहोई अष्टमी व्रत

संचार जगत

टोड़ारायसिंह। कस्बे सहित ग्रामीण क्षेत्र में रविवार को संतान की लंबी उम्र, अच्छे स्वास्थ्य, सुख-समृद्धि और उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना को लेकर सुहागिन महिलाओं ने परंपरागत श्रद्धा और उत्साह के साथ अहोई अष्टमी का व्रत रखा। कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि पर महिलाओं ने माता अहोई एवं माता स्याही की पूजा-अर्चना कर परिवार की खुशहाली और संतान के दीर्घायु होने की कामना की। व्रत के चलते महिलाओं ने अलसुबह उठकर स्नान किया तथा घरों में पूजा की तैयारियां शुरू कीं। इसके बाद महिलाएं मंदिरों में पहुंचीं और माता अहोई के समक्ष दीप प्रज्वलित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। महिलाओं ने माता को रोली, चावल, पुष्प एवं प्रसाद अर्पित कर संतान के स्वस्थ और सुखी जीवन की कामना की। दिनभर महिलाओं ने व्रत रखकर धार्मिक परंपराओं का निर्वहन किया। घरों में मंगल गीत गाए गए और शाम को महिलाओं ने एकत्रित होकर अहोई अष्टमी की व्रत कथा सुनी। कथा के दौरान बुजुर्ग महिलाओं ने व्रत की धार्मिक मान्यताओं और परंपराओं के बारे में बताया तथा महिलाओं को आशीर्वाद दिया। मान्यता के अनुसार अहोई अष्टमी का व्रत संतान की दीर्घायु और परिवार की सुख-समृद्धि के लिए किया जाता है। इस दौरान महिलाओं ने घरों में भी पूजा स्थल सजाकर अहोई माता की तस्वीर के समक्ष पूजा की तथा परिवार की सुख-शांति के लिए प्रार्थना की। शाम को पूजा-अर्चना के बाद महिलाओं ने चंद्र दर्शन कर अर्घ्य अर्पित किया और विधि-विधान से व्रत खोला। इसके बाद संतान को तिलक लगाकर प्रसाद खिलाया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य और जीवन में सुख-समृद्धि की कामना की। पर्व को लेकर कस्बे सहित आसपास के गांवों में धार्मिक माहौल बना रहा।

सतत विकास लक्ष्य की तरह ही हर विद्यालय तय करे विद्यालय विकास लक्ष्य : सचिव

2047 के विकसित भारत की नींव आज के स्कूली बच्चे : सुधांश पंत

संचार जगत



जयपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत2047 के लक्ष्य को पूर्ण करने में आज के स्कूली विद्यार्थियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। 20 साल बाद यही युवा इसकी नींव होंगे।

आज के स्कूली बच्चों को कुशल, दक्ष, जिम्मेदार नागरिक और पर्यावरण के प्रति जागरूक बनाना अति आवश्यक है। यह विचार केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के सचिव सुधांश पंत ने विद्या भवन सोसायटी द्वारा आयोजित सीड-2 कॉन्फ्रेंस के उद्घाटन समारोह में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि स्कूल में पढ़ रहे बच्चों को बदलते विश्व के अनुरूप ज्ञान, मूल्यों और प्रायोगिक कौशल को उपलब्ध कराना जरूरी है। यह स्कूलों के माध्यम से ही संभव है।उन्होंने मिशन लाइफ पर फोकस करते हुए विद्यार्थियों को पर्यावरण अनुकूल जीवन शैली की ओर प्रवृत्त करने का आह्वान किया और इसके लिए अध्यापकों के योगदान को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि नशा मुक्त भारत के लिए और वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान के लिए अध्यापकों को बच्चों को अभी से सीख देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के मिशन लाइफ, कैच द रैन, नशा मुक्ति अभियान, एक पेड़ माँ के नाम जैसी योजनाओ का हर विद्यालय प्रभावी क्रियान्वयन करे। बेहतर भविष्य के निर्माण के लिए हमें आज से ही सकारात्मक प्रयास करने होंगे। विद्यार्थी जीवन में अनुशासन एवं संस्कार आदतें जीवनभर साथ रहते हैं। उन्होंने कहा कि सतत विकास लक्ष्य की तरह हो विद्यालय विकास लक्ष्य निर्धारित हो जिसमें प्रतिवर्ष ऊर्जा खपत मे कमी, जल खपत मे कमी, जल बचत, कचरा उत्सर्जन मे कमी का आंकलन हो।

उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल किताबी ज्ञान अर्जित करने या परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने तक सीमित नहीं रहे तरह बदलते हुए जगत में विद्यार्थियों को स्कूल द्वारा किस तरह से तैयार किया जाये, जैसे महत्वपूर्ण विषयो को लेकर विद्या भवन द्वारा तीन दिवसीय शैक्षिक सम्मेलन 'सीड-2' फॉर सस्टेनिंग फ्यूचर्स का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन की रूपरेखा हर्थ एडवाइजर्स द्वारा तैयार की गई है। प्रायोजक जे एस डब्लू एनर्जी तथा वीवा फाउंडेशन है। इस आयोजन में शिक्षाविद्, विद्यालय प्रमुख, नीति निर्माता और विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधि एक मंच पर एकत्रित होकर विचार-विमर्श कर रहे है कि तेजी से बदलती दुनिया में बच्चों को बेहतर भविष्य के लिए कैसे तैयार किया जाए।

पंचायतीराज आम चुनाव के तृतीय चरण के लिए मतदान दल 02 नवंबर को अंतिम प्रशिक्षण के बाद होंगे रवाना



3 नवंबर को जिला परिषद् एवं पंचायत समिति सदस्य तथा 5 नवंबर को पंच-सरपंच पदों के लिए होगा मतदान

संचार जगत

जयपुर। जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) संदेश नायक ने रविवार को भवानी निकेतन कॉलेज ऑफ फार्मेसी, सीकर रोड परिसर का दौरा कर तृतीय चरण के मतदान दलों की रवानगी एवं निर्वाचन संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मतदान दलों के अंतिम प्रशिक्षण, निर्वाचन सामग्री वितरण, वाहन पार्किंग तथा मतदान दलों की सुविधा के लिए की गई व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध एवं सुव्यवस्थित ढंग से सुनिश्चित करने तथा मतदान दलों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होने देने के निर्देश दिए।

जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) संदेश नायक ने बताया कि पंचायतीराज आम चुनाव के तहत जयपुर जिले में तृतीय चरण के मतदान की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। इसके लिए 2 नवंबर को मतदान दल अंतिम प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद भवानी निकेतन कॉलेज ऑफ फार्मेसी परिसर से संबंधित मतदान केंद्रों के लिए रवाना होंगे। उन्होंने बताया कि मतदान दलों को अंतिम प्रशिक्षण के दौरान मतदान प्रक्रिया, ईवीएम के संचालन, बैलेट पेपर तथा निर्वाचन संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देशों की जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षण के पश्चात मतदान दलों को निर्वाचन सामग्री एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के साथ संबंधित मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया जाएगा। मतदान दलों की सुविधा के लिए वाहन पार्किंग एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की गई हैं। उन्होंने बताया कि तृतीय चरण के तहत जिला परिषद के वार्ड संख्या 27 से 37, जयपुर जिले की पांच पंचायत समितियों चाकसू, कोटखावदा, माधोराजपुरा, फागी एवं सांगानेर में जिला परिषद् एवं पंचायत समिति सदस्य तथा पंच-सरपंच पदों के लिए मतदान कराया जाएगा। इस चरण में चाकसू पंचायत समिति के 17 पंचायत समिति वार्ड और 32 ग्राम पंचायतों के लिए 93 मतदान केंद्र, कोटखावदा के 15 पंचायत समिति वाड और 27 ग्राम पंचायतों के लिए 82 मतदान केंद्र, माधोराजपुरा के 15 पंचायत समिति वार्ड और 25 ग्राम पंचायतों के लिए 93 मतदान केंद्र, फागी के 15 पंचायत समिति वार्ड और 26 ग्राम पंचायतों के लिए 90 मतदान केंद्र तथा सांगानेर के 15 पंचायत समिति वार्ड और 23 ग्राम पंचायतों के लिए 84 मतदान केंद्र निर्धारित किए गए हैं। इन क्षेत्रों में कुल 3 लाख 74 हजार 816 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे, जिनमें 1 लाख 93 हजार 206 पुरुष, 1 लाख 81 हजार 609 महिला तथा एक अन्य मतदाता शामिल हैं।

61 सिम कार्ड से साइबर ठगी, 18 वर्षीय युवक गिरफ्तार

आरोपी के खिलाफ 2.92 लाख रुपए की ठगी की 7 शिकायतें, ठगी राशि से खरीदी बाइक जब्त

संचार जगत

दतवास। दतवास थाना पुलिस ने साइबर अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत अंतरराज्यीय साइबर ठगी के मामले में 18 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ साइबर पोर्टल पर 2 लाख 92 हजार रुपए की ठगी से जुड़ी 7 शिकायतें दर्ज मिली हैं। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से ठगी की रकम से खरीदी गई बाइक और वारदात में इस्तेमाल एंड्रॉयड मोबाइल फोन जब्त किया है। जांच में सामने आया कि आरोपी ने साइबर ठगी के लिए 61 सिम कार्ड का इस्तेमाल किया। वहीं, पूछताछ में आरोपी ने ठगी में इस्तेमाल बैंक खातों में करीब 20 लाख रुपए के संदिग्ध लेन-देन की बात भी कबूली है। दतवास थानाधिकारी निरमा मीणा ने बताया कि आरोपी सुनील पुत्र सीताराम मीणा, निवासी बीड़ की ढाणी भरथला, थाना दतवास को 31 अक्टूबर को साइबर ठगी के मामले में डिटेन किया गया था। साइबर पोर्टल पर जांच करने पर उसके खिलाफ एनसीआर पोर्टल पर 7 शिकायतें मिलीं। इनमें कुल 2.92 लाख रुपए की ठगी की राशि दर्ज है। पुलिस ने पूछताछ के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

नवनिर्वाचित सरपंच और उपसरपंच का गौशाला में किया अभिनंदन, गौसेवा के लिए भेंट किया सूखा चारा और गुड़

संचार जगत



मनोहरपुर। नवलपुरा गांव के नवनिर्वाचित सरपंच सोहन लाल यादव एवं उपसरपंच भारती देवी (पत्नी जितेन्द्र योगी) का श्री श्याम भूतनाथ गौशाला नवलपुरा-मनोहरपुर में पहुंचने पर गौशाला परिवार की ओर से हार्दिक अभिनंदन किया गया। इस दौरान दोनों जनप्रतिनिधियों ने गौमाता का पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया तथा गौमाता को गुड़ खिलाकर प्रसाद वितरण किया। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि प्रभु दयाल यादव (जाजिम), निवासी नवलपुरा ने सरपंच निर्वाचित होने की खुशी में गौसेवा के लिए एक पिकअप सूखा चारा एवं 1100 रुपये का गुड़ भेंट किया। वहीं कालवाड़ के बंबोरी गांव निवासी एवं गौशाला सचिव बनवारीलाल यादव के साडू भाई मदनलाल यादव ने भी गौशाला पहुंचकर गौमाता को गुड़ खिलाया और आशीर्वाद प्राप्त किया।गौशाला परिवार ने सभी नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों एवं गौभक्तों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गौसेवा के प्रति लोगों का समर्पण समाज के लिए प्रेरणादायक है।

सांगानेर सदर थाना पुलिस ने किया चोरी की वारदात का खुलासा

करीब 2 करोड़ रुपये के जीपीएस उपकरण चोरी करने वाले मुख्य आरोपी सहित दो गिरफ्तार

सॉफ्टवेयर अपडेट के बहाने फर्जी ऑनलाइन ऑर्डर जनरेट कर दिया था वारदात को अंजाम

संचार जगत





जयपुर। जयपुर दक्षिण के सांगानेर सदर थाना पुलिस ने बैंकिंग क्षेत्र में मनी ट्रांजैक्शन के लिए उपयोग होने वाले जीपीएस उपकरणों की चोरी के मामले का खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी सहित उसके सहयोगी को गिरफ्तार किया है। आरोपियों पर करीब 2 करोड़ रुपये कीमत के जीपीएस उपकरण चोरी करने का आरोप है। पुलिस उपायुक्त राजर्षि राज ने बताया कि रीको एरिया स्थित रेवेंस टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक ने सांगानेर सदर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के अनुसार, आरोपियों ने सॉफ्टवेयर अपडेट करने के बहाने फर्जी ऑनलाइन ऑर्डर जनरेट किए और कंपनी से लाखों रुपये कीमत के जीपीएस उपकरण चोरी कर लिए। चोरी किए गए उपकरणों की कुल कीमत करीब 2 करोड़ रुपये बताई गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस उपायुक्त के निर्देशन में विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने तकनीकी विश्लेषण, विभिन्न जानकारियों और मुखबिर तंत्र की मदद से आरोपियों की तलाश शुरू की। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए वारदात के मुख्य आरोपी सहित उसके सहयोगी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अब गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

कोटा में बनेगा राज्य का सबसे बड़ा एकीकृत जिला न्यायालय परिसर

नया कोर्ट परिसर बड़ी उपलब्धि, लेकिन सुलभ, त्वरित और निष्पक्ष न्याय मिलना सर्वोपरी: ओम बिरला

संचार जगत



जयपुर। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कोटा में रविवार को करीब 290 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले एकीकृत जिला न्यायालय परिसर एवं अधिवक्ता कक्षों का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि कोटा में प्रदेश का सबसे बड़ा और आधुनिक जिला न्यायालय परिसर बनने जा रहा है। लंबे समय से अधिवक्ता, न्यायिक अधिकारी और आम नागरिक चाहते थे कि न्यायालयों से जुड़ी सभी सुविधाएं एक ही स्थान पर मिलें। नए परिसर से उनकी यह जरूरत पूरी होगी और न्यायिक कार्यों में भी आसानी होगी। बिरला ने कहा कि न्यायालय भवन बन रहा है यह हमारी उपलब्धि है, लेकिन उससे भी जरूरी है कि आम आदमी को सरल, सुलभ, त्वरित और निष्पक्ष न्याय मिले। अदालत में आने वाले हर व्यक्ति को सम्मान के साथ बैठने और अपनी बात रखने की सुविधा मिलनी चाहिए। इसके लिए न्यायपालिका, अधिवक्ताओं और प्रशासन को मिलकर काम करना होगा।

54 कोर्ट और अधिवक्ताओं के लिए अलग चौंबर

बिरला ने कहा कि अलग-अलग स्थानों पर संचालित न्यायालयों के कारण न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं और वादकारियों को परेशानी होती है। नए परिसर में सभी न्यायालय एक स्थान पर होंगे। यहां आधुनिक तकनीक, अधिवक्ता चौंबर और वादकारियों के बैठने की व्यवस्था होगी। परिसर में 54 न्यायालय, करीब 240 अधिवक्ता चैम्बर, कैंटीन, बैंक, लाइब्रेरी, बैठक कक्ष, टाइपिस्ट, फोटोकॉपी और दुकानों की सुविधाएं प्रस्तावित हैं। अधिवक्ता कक्षों के निर्माण की निविदा प्रक्रिया शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं।

मिनी सचिवालय भी विकसित करने की योजना

बिरला ने कहा कि कोर्ट के साथ मिनी सचिवालय की योजना पर कार्य जारी है ताकि लोगों को न्यायिक और प्रशासनिक कामों के लिए अलग-अलग स्थानों पर नहीं जाना पड़े।
कोटा में कनेक्टिविटी, उद्योग, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुविधाओं का विस्तार हो रहा है। न्यायालय और मिनी सचिवालय के विकास से इस दिशा में एक और महत्वपूर्ण जरूरत पूरी होगी। उन्होंने सीमित सुविधाओं के बावजूद बेहतर कार्य करने के लिए न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं और कर्मचारियों के योगदान को सराहा।

अजमेर में शहादत दिवस कार्यक्रम में शामिल होकर की आरती

सामाजिक समरसता, सद्भाव और मानवता के प्रतीक थे संत कंवर राम साहिब : देवनानी

संचार जगत

जयपुर। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने रविवार को किशनगढ़ स्थित सिंधी कॉलोनी के शिवालय में सिंधु सेवा समिति के निर्देशन में स्थापित संत भगत कंवर राम साहिब की प्रतिमा का अनावरण किया।

इस अवसर पर उन्होंने भगवान झूलेलाल के चित्र के समक्ष ज्योत प्रज्ज्वलित कर पूजा-अर्चना की तथा संत कंवर राम साहिब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए देवनानी ने कहा कि संत-महात्मा अपने जीवन और विचारों से समाज को सदैव सही दिशा दिखाने का कार्य करते हैं। उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर हम समाज एवं राष्ट्र के विकास में अपना योगदान दे सकते हैं। संत भगत कंवर राम साहिब सामाजिक समरसता, सद्भाव और मानवता के प्रतीक थे। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन गरीबों, अनाथों, विधवाओं एवं जरूरतमंदों की सेवा के लिए समर्पित कर दिया था। उन्होंने कहा कि संत कंवर राम साहिब महान सूफी संत और मानवता के सच्चे उपासक थे। सत्संग एवं भक्ति के दौरान उन्हें प्राप्त होने वाली धनराशि को वे स्वयं पर खर्च करने के बजाय दीन-दुखियों और जरूरतमंदों की सहायता में लगा देते थे। उनका जीवन सेवा, त्याग, प्रेम और भाईचारे का अनुपम उदाहरण है। सिंधु सेवा समिति द्वारा उनकी प्रतिमा स्थापित करना उनके आदर्शों एवं विचारों को भावी पीढ़ी तक पहुंचाने की महत्वपूर्ण पहल है। देवनानी ने कहा कि संतों के विचार समाज में आपसी प्रेम, सद्भाव और एकता को मजबूत करते हैं। हमें उनके बताए मार्ग पर चलते हुए सेवा और परोपकार को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना चाहिए।

उन्होंने बताया कि संत भगत कंवर राम साहिब 1 नवम्बर, 1939 को शहीद हुए थे। सिंधी समाज द्वारा प्रतिवर्ष इस दिन उनका शहादत दिवस श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ मनाया जाता है। कार्यक्रम के अंत में सिंधु सेवा समिति की ओर से शिवालय परिसर में संत भगत कंवर राम साहिब की प्रतिमा स्थापित करने के लिए स्थान उपलब्ध कराने पर ताराणी परिवार का आभार व्यक्त किया गया। साथ ही आयोजन में सहयोग देने वाले सभी व्यक्तियों एवं समाजबंधुओं का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

एचटी लाइन हटने पर प्रभावित भूखंडों का अनुमोदन एवं पट्टा जारी करने की कार्यवाही जोन स्तर पर



संचार जगत

जयपुर। जेडीए ने उन भूखंडों के अनुमोदन एवं पट्टा जारी करने की प्रक्रिया को सरल बना दिया है, जिन पर पूर्व में हाईटेंशन विद्युत लाइन होने के कारण पट्टा जारी नहीं हो पा रहा था, लेकिन वर्तमान में मौके से एचटी लाइन हटाई जा चुकी है। जेडीए की भवन मानचित्र समिति की बैठक में इस संबंध में महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। इसके तहत ऐसे प्रकरणों में, जहां मौके से एचटी लाइन हटाई जा चुकी है, संबंधित भूखंडों के अनुमोदन एवं पट्टा जारी करने की कार्यवाही अब जोन स्तर पर ही संपादित की जा सकेगी। इस निर्णय की प्रभावी क्रियान्विति सुनिश्चित करने के लिए जेडीए ने नए आदेश जारी कर दिए हैं। इस आदेश के साथ ही ऐसे प्रकरणों में अनुमोदन की कार्यवाही भी जेडीए द्वारा प्रारंभ कर दी गई है। लोगों द्वारा समय-समय पर जेडीए के समक्ष यह समस्या उठाई जा रही थी कि पूर्व में भूखंडों के ऊपर से एचटी लाइन गुजरने के कारण उनके पट्टे जारी नहीं हो पाए थे, जबकि वर्तमान में मौके से एचटी लाइन हटाई जा चुकी है। इसके बावजूद पूर्व की प्रक्रिया के चलते उनके प्रकरण लंबित थे।

साइक्लोथॉन फॉर ऑल ने दिया स्वच्छ पर्यावरण का संदेश

संचार जगत



जयपुर। राजस्थान में पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छ वायु एवं सतत जीवनशैली को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से ब्रिक्स सस्टेनेबल लाइफस्टाइल वीक के तहत साइक्लोथॉन फॉर ऑल का आयोजन किया गया। राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल, पर्यावरण विभाग एवं इंटरनेशनल सोसायटी फॉर लाइफ साइंसेज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस साइक्लोथॉन में बड़ी संख्या में साइकिल प्रेमियों, युवाओं एवं पर्यावरण के प्रति जागरूक नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने साइक्लोथॉन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर वन एवं पर्यावरण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आनंद कुमार, पर्यावरण विभाग की सचिव शैलजा देवल तथा राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के सदस्य सचिव कपिल चन्द्रवाल सहित मंडल के वरिष्ठ अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का सामूहिक दायित्व है। हमें अपनी जीवनशैली में ऐसे छोटे-छोटे बदलाव अपनाने होंगे, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और स्वस्थ पर्यावरण सुनिश्चित कर सकें। उन्होंने कहा कि साइकिल चलाना केवल परिवहन का एक विकल्प नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली, स्वच्छ वायु और पर्यावरण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने दैनिक जीवन में पर्यावरण अनुकूल विकल्प अपनाए, तो सतत विकास का लक्ष्य हासिल करना संभव है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों एवं प्रतिभागियों को पर्यावरण संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण, ऊर्जा एवं प्राकृतिक संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग तथा सतत जीवनशैली अपनाने की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम के समापन पर सचिव पर्यावरण शैलजा देवल ने साइक्लोथॉन में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया।

मुख्य सचिव का दिल्ली दौरा

राज्य की विकास योजनाओं पर केंद्र से होगी चर्चा



संचार जगत

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश की विकास योजनाओं को गति देने और केंद्र सरकार के साथ समन्वय मजबूत करने के लिए मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास 2 और 3 नवंबर को नई दिल्ली के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे 17 से अधिक बैठकों में भाग लेकर राजस्थान की प्रमुख योजनाओं, विकास परियोजनाओं एवं प्रशासनिक सुधारों से जुड़े विषय रखेंगे। श्रीनिवास 2 नवंबर को गृह कार्य संबंधी संसदीय स्थायी समिति से मुलाकात करेंगे। दो दिवसीय दौरे में विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उनकी बैठकें प्रस्तावित हैं। इन बैठकों में डिरेगुलेशन एवं कंप्लायंस रिडक्शन पर भी चर्चा होगी। इसके तहत नियमों और प्रक्रियाओं को सरल बनाने तथा अनुपालन का बोझ कम करने से जुड़े सुधारों पर केंद्र सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चर्चा की जाएगी। मुख्य सचिव जल जीवन मिशन, विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन 'वीबी-जी राम जी', राजस्थान हाईवे मॉडर्नाइजेशन प्रोजेक्ट (आरएचएमपी), जयपुर मेट्रो तथा पीएम ई-बस सेवा से संबंधित विषयों पर केंद्रीय मंत्रालयों के साथ आगे की कार्रवाई को लेकर चर्चा करेंगे। इन बैठकों में प्रदेश की आवश्यकताओं तथा योजनाओं और परियोजनाओं को आगे बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार के साथ समन्वय पर जोर रहेगा।

राष्ट्रीय एकता शिविर में एनएसएस दल ने बढ़ाया प्रदेश का गौरव



संचार जगत

जयपुर। राजस्थान के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने अनुशासन, सेवा भावना, टीम वर्क और उत्कृष्ट प्रदर्शन से प्रदेश का गौरव बढ़ाया। शिविर के समापन समारोह में राजस्थान के दल को उत्कृष्ट सहभागिता के लिए स्मृति चिह्न एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह शिविर हरियाणा के पलवल स्थित भारत स्काउट्स एंड गाइड्स नेशनल यूथ कॉम्प्लेक्स, गदपुरी में आयोजित किया गया था। राष्ट्रीय सेवा योजना के सात सदस्यीय दल ने इस राष्ट्रीय शिविर में भाग लिया। दल में छह विद्यार्थी स्वयंसेवक तथा एक प्रभारी अध्यापिका शामिल रहीं। शिविर में देश के विभिन्न राज्यों से आए विद्यार्थियों एवं स्वयंसेवकों ने भाग लेकर राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक विविधता और राष्ट्र निर्माण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। इस दौरान राजस्थान के स्वयंसेवकों ने स्वच्छता अभियान, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, योगाभ्यास तथा आपदा प्रबंधन से संबंधित कार्यशालाओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। विभिन्न राज्यों के प्रतिभागियों के साथ संवाद के माध्यम से उन्हें देश की विविध संस्कृतियों, परंपराओं और जीवन मूल्यों को समझने का अवसर भी मिला। शिविर का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय एकता, सामाजिक सद्भाव, आपसी सहयोग, नेतृत्व क्षमता और देशभक्ति की भावना को सुदृढ़ करना रहा।

क्रिटिकल केयर में विशेषज्ञों ने साझा किए अनुभव



संचार जगत

जयपुर। राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में जयपुर क्रिटिकॉन 2026 का शुभारंभ हुआ। वैज्ञानिक सत्रों में देश-विदेश से आए ख्यातिप्राप्त क्रिटिकल केयर मेडिसिन विशेषज्ञों ने व्याख्यान दिए। सम्मेलन में देश-विदेश से 300 से अधिक प्रतिभागी और 40 से अधिक फैकल्टी सदस्य शामिल हुए। इनमें क्रिटिकल केयर चिकित्सा के 10 प्रमुख राष्ट्रीय विशेषज्ञ भी शामिल हैं। सेप्सिस स्टूअर्डशिप थीम पर आयोजित सम्मेलन में सेप्सिस की शीघ्र पहचान, प्रभावी उपचार तथा गंभीर मरीजों की बेहतर देखभाल पर विशेष चर्चा की गई। विशेषज्ञों ने बताया कि सामान्य संक्रमण होने पर शरीर की रोग प्रतिरोधक प्रणाली से लड़कर उसे नियंत्रित करने का प्रयास करती है। लेकिन सेप्सिस में संक्रमण के प्रति शरीर की प्रतिक्रिया अनियंत्रित हो जाती है और अपने ही ऊतकों तथा अंगों को नुकसान पहुँचाने लगती है। इससे किडनी, फेफड़े, लिवर, हृदय और मस्तिष्क जैसे महत्वपूर्ण अंगों की कार्यक्षमता प्रभावित हो सकती है। इसलिए सेप्सिस एक जानलेवा चिकित्सकीय आपात स्थिति है, जिसमें तुरंत उपचार आवश्यक है। फेफड़ों का संक्रमण, विशेषकर न्यूमोनिया, मूत्र मार्ग, पेट, त्वचा एवं घाव तथा रक्तप्रवाह के संक्रमण सेप्सिस का कारण बन सकते हैं। टीबी सहित अन्य गंभीर संक्रमणों में भी सेप्सिस विकसित हो सकता है। हालांकि हर संक्रमण सेप्सिस में नहीं बदलता, लेकिन संक्रमण के साथ मरीज की हालत बिगड़ने को गंभीरता से लेना चाहिए। सेप्सिस किसी को भी हो सकता है, लेकिन छोटे बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं, कैंसर का उपचार करा रहे मरीजों तथा किसी भी कारण से कमजोर रोग प्रतिरोधक क्षमता वाले लोगों में इसका खतरा अधिक होता है। पहले से गंभीर या पुरानी बीमारियों से पीड़ित लोगों में भी विशेष सतर्कता आवश्यक है।

सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में राज्य ने हासिल की बड़ी उपलब्धि

संचार जगत



जयपुर। प्रदेश ने 12 राष्ट्रीय योजनाओं में पहला, 10 में दूसरा और 8 योजनाओं में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया है। कृषि और सौर ऊर्जा के क्षेत्र में राजस्थान का प्रदर्शन खास रहा है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ 2025 में 2 करोड़ 18 लाख और रबी 2025-26 में 1 करोड़ 71 लाख पॉलिसियों के साथ प्रदेश देश में पहले स्थान पर रहा। वहीं, पीएम-कुसुम योजना के तहत सौर ऊर्जा स्थापना और सौरकृत फीडरों की संख्या में भी राजस्थान अव्वल रहा। स्वच्छता और जनभागीदारी के क्षेत्र में भी प्रदेश ने अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई। स्वच्छता ही सेवा अभियान और पोषण पखवाड़ा 2026 में भी राज्य को पहला स्थान मिला। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान 11 हजार 209 शिविरों के माध्यम से 5 लाख 94 हजार उज्ज्वला कनेक्शन उपलब्ध कराना भी बड़ी उपलब्धि रही। वहीं, धरती आबा जनभागीदारी अभियान, अंगदान एवं प्रत्यारोपण और खनिज ब्लॉकों की नीलामी में भी राजस्थान देश में पहले स्थान पर रहा। तंबाकू नियंत्रण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी प्रदेश को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया है। इसके अलावा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, आभा आईडी निर्माण, पीएम विश्वकर्मा और सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना सहित 10 कार्यक्रमों में राजस्थान दूसरे स्थान पर रहा। जबकि रोजगार, टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान, जल संचय जनभागीदारी और एक जिला एक उत्पाद योजना में तीसरा स्थान हासिल किया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मुताबिक, राज्य सरकार का लक्ष्य जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना और सुशासन के जरिए राजस्थान को देश के अग्रणी राज्यों में स्थापित करना है।

अपराध और नशे के कारोबार के खिलाफ अभियान जारी

संचार जगत

बरेली। उत्तर प्रदेश में अपराध और नशे के कारोबार के खिलाफ पुलिस का अभियान जारी है। बरेली के आंवला में पुलिस ने मुठभेड़ के बाद 25 हजार रुपये के इनामी गो-तस्कर को गिरफ्तार किया है। वहीं, कानपुर के किदवई नगर क्षेत्र में पुलिस ने ड्रोन से निगरानी कर बड़ी छापेमारी की और 11 किलो गांजा बरामद करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। बरेली के आंवला थाना क्षेत्र में रविवार सुबह चेकिंग के दौरान पुलिस और गो-तस्कर के बीच मुठभेड़ हो गई। जवाबी कार्रवाई में आरोपी के पैर में गोली लग गई जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। घायल आरोपी को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था।

गोविंद देवजी मंदिर के महंत अंजन कुमार गोस्वामी का निधन

संचार जगत



जयपुर। जयपुर के प्रसिद्ध गोविंद देवजी मंदिर के महंत अंजन कुमार गोस्वामी का 78 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। उनके निधन की खबर से मंदिर परिवार, श्रद्धालुओं और गौड़ीय वैष्णव संप्रदाय से जुड़े लोगों में शोक की लहर है। जानकारी के मुताबिक, रविवार दोपहर करीब 12 बजे उन्हें अचानक साइलेंट हार्ट अटैक आया। इसके बाद परिजन उन्हें तत्काल दुर्लभजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। महंत अंजन कुमार गोविंद देवजी मंदिर मंदिर के महंत होने के साथ ही इसके एकमात्र सेवाधिकारी और ट्रस्टी भी थे। वे स्वर्गीय प्रद्युम्न कुमार गोस्वामी के बड़े पुत्र थे। पिता के निधन के बाद उन्होंने मंदिर की सेवा और व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी संभाली और इस धार्मिक परंपरा को आगे बढ़ाया। उनके कार्यकाल में मंदिर ने वर्तमान भव्य स्वरूप हासिल किया। गोविंद देवजी मंदिर 20 सितंबर 1972 को राजस्थान सरकार के देवस्थान विभाग में पब्लिक ट्रस्ट के रूप में पंजीकृत हुआ था। मंदिर की व्यवस्थाएं स्वतंत्र रूप से संचालित होती हैं। महंत अंजन कुमार गोस्वामी की अंतिम यात्रा सुभाष चौक स्थित पानों के दरीबे की हवेली से रवाना हुई और जलमहल के सामने स्थित समाज बाड़ी में उनका अंतिम संस्कार किया गया।


राज्य के 7 पुलिस-अफसरों को केंद्रीय गृहमंत्री दक्षता पदक

संचार जगत



जयपुर। अपराधों की सटीक, निष्पक्ष और गहन जांच में उत्कृष्ट कार्य के लिए राजस्थान के सात पुलिस अधिकारियों को साल-2026 का केंद्रीय गृहमंत्री दक्षता पदक मिलेगा। इनमें राजस्थान कैडर के 6 आईपीएस और एक आरपीएस अधिकारी शामिल हैं। सभी का चयन बेस्ट अनुसंधान श्रेणी में किया गया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से घोषित इस राष्ट्रीय सम्मान के लिए देशभर के कुल 490 पुलिसकर्मियों और अधिकारियों का चयन किया गया है। इनमें 26 राज्यों के पुलिस बलों के साथ केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और विभिन्न केंद्रीय पुलिस संगठनों के अधिकारी भी शामिल हैं। राजस्थान में तैनात केंद्रीय एजेंसियों के कुछ कार्मिकों को भी इस सम्मान के लिए चुना गया है। केंद्रीय गृहमंत्री दक्षता पदक तीन श्रेणियों में प्रदान किए जाते हैं। स्पेशल ऑपरेशन श्रेणी में अर्धसैनिक बलों के 358 कार्मिकों, बेस्ट अनुसंधान श्रेणी में केंद्रीय जांच एजेंसियों और राज्यों के पुलिस बलों के 123 अधिकारियों और फॉरेंसिक साइंस श्रेणी में केंद्रीय फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला के 9 विशेषज्ञों का चयन हुआ है। चयनित कार्मिकों में सीआरपीएफ, असम राइफल्स, सीबीआई, एनआईए, एनसीबी, सीबीआईसी-डीआरआई और सीएफएसएल से जुड़े अधिकारी भी शामिल हैं।

बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवात का असर खत्म



संचार जगत

जयपुर। राजस्थान में बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवात का असर शनिवार से खत्म हो गया। अब अगले 3-4 दिन तक आसमान साफ रहने की संभावना है। इससे पहले शनिवार को मौसम साफ रहा। हालांकि, सुबह के समय कई जिलों में हल्का कोहरा रहा। जयपुर, कोटा समेत कई शहरों में अधिकतम तापमान में 2 से 5 डिग्री तक बढ़ोतरी हुई। पिछले 24 घंटे अधिकतम तापमान में भले ही बढ़ोतरी हुई, लेकिन 30 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा। वहीं, रात के तापमान में गिरावट होने से सर्दी बढ़ गई। सबसे कम तापमान सीकर के फतेहपुर में रहा। शनिवार को सबसे ज्यादा गर्मी बाड़मेर में रही। हालांकि, बीते चार-पांच दिन में यहां के तापमान में तीन-चार डिग्री की गिरावट हुई है। फिर भी दिन का पारा करीब 35 डिग्री के करीब ही दर्ज हो रहा है। वहीं, जैसलमेर में अधिकतम तापमान 33.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। बाड़मेर, जोधपुर, फलोदी, जालौर, डूंगरपुर को छोड़कर सभी शहरों का न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ।

आईएएस गौरव गोयल की राजस्थान वापसी जल्द मिलेगी नई जिम्मेदारी

संचार जगत



जयपुर। राजस्थान कैडर के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी और 2006 बैच के आईएएस गौरव गोयल की राजस्थान वापसी हो गई है। केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर लोकसभा सचिवालय में संयुक्त सचिव के पद पर तैनात गौरव गोयल को सचिवालय द्वारा कार्यमुक्त कर दिया गया है। राज्य सरकार के विशेष अनुरोध पर उनकी सेवाएं पुनः राजस्थान को सौंपी गई हैं। गौरव गोयल की प्रदेश में वापसी के साथ ही राज्य की ब्यूरोक्रेसी में उन्हें मिलने वाली नई जिम्मेदारी को लेकर सुगबुगाहट तेज हो गई है। कुशल और अनुभवी प्रशासनिक छवि के चलते राज्य सरकार उन्हें सचिवालय अथवा किसी प्रमुख विभाग में शीर्ष दायित्व सौंप सकती है। जल्द ही कार्मिक विभाग की ओर से उनकी नई पदस्थापना को लेकर स्थिति स्पष्ट की जाएगी।

डीजीजीआई के फेक आईटीसी सिंडिकेट पर छापे

संचार जगत

जयपुर। वस्तु एवं सेवा कर आसूचना महानिदेशालय की जयपुर जोन यूनिट ने फर्जी बिलिंग और इनपुट टैक्स क्रेडिट के जरिए करोड़ों रुपए की जीएसटी चोरी से जुड़े एक संगठित सिंडिकेट का खुलासा किया है। टीम ने लगातार तीन दिनों तक दिल्ली में सिंडिकेट से जुड़े लोगों के विभिन्न ठिकानों पर छापेमारी की। इस दौरान 4 करोड़ 58 लाख 60 हजार रुपए नकद बरामद किए गए। इसके अलावा लैपटॉप, मोबाइल, बड़ी संख्या में चेकबुक और विभिन्न फर्मों से जुड़े दस्तावेज भी जब्त किए गए हैं। डीजीजीआई टीम ने दिल्ली में सिंडिकेट से जुड़े विभिन्न व्यक्तियों और उनके ठिकानों पर सर्च ऑपरेशन चलाया। कार्रवाई के दौरान फर्जी जीएसटी बिलिंग, बिना वास्तविक माल की आपूर्ति के आईटीसी उपलब्ध कराने और संदिग्ध वित्तीय लेन-देन से जुड़े महत्वपूर्ण सबूत मिले। सिंडिकेट के बैंकिंग लेन-देन और कैश से जुड़े एक ऑफिस की तलाशी के दौरान 4 करोड़ 58 लाख 60 हजार रुपए नकद बरामद हुए। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि सिंडिकेट कथित तौर पर बिना वास्तविक माल की आपूर्ति किए फर्जी जीएसटी बिल जारी करता था। इनके जरिए विभिन्न व्यापारियों को इनपुट टैक्स क्रेडिट उपलब्ध कराया जाता था।



संपादकीय

पर्यावरण अनुकूल पर्यटन

इसमें दो राय नहीं कि देश के पहाड़ी राज्यों के लिये पर्यटन उद्योग अब अर्थव्यवस्था को गति देने का एक सशक्त माध्यम बन गया है। कह सकते हैं तमाम पारिस्थितिकीय चुनौतियों के चलते एक मजबूरी भी बन गया है। लेकिन इसमें दो राय नहीं है कि राजस्व सृजन और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन बनाने के लिये, राज्य सरकारें एक कठिन राह पर चलना सीख रही हैं। दरअसल, पर्यावरण के प्रति संवेदनशील और संरक्षित क्षेत्रों में यह चुनौती ज्यादा बड़ी है। यही वजह है कि हिमाचल प्रदेश के संवेदनशील स्पीति के इलाके में प्रदेश के वन विभाग ने आने वाले पर्यटकों के लिए दैनिक आधार पर उपयोगकर्ता शुल्क आरंभ करने का निर्णय किया है। निश्चित रूप से हिमाचल सरकार की इस अभिनव पहल का स्वागत ही किया जाना चाहिए। निस्संदेह, इस फैसले के बाद अब बिना किसी प्रवेश शुल्क के इन इलाकों में पहुंचना अतीत की बात हो जाएगी। इतना ही नहीं शूटिंग के लिये, मसलन वृत्तचित्र, फीचर फिल्मों व विज्ञापन आदि के साथ ही टेंट लगाने जैसी गतिविधियों के लिये भी शुल्क संरचना तैयार की गई है। यह एक हकीकत है कि पर्यटकों का अराजक व्यवहार वातावरण में न केवल पर्यावरणीय प्रदूषण फैलाता है बल्कि ठोस कचरा भी छोड़कर जाता है। जिसकी क्षति व सफाई का दबाव राज्य पर पड़ता है। निस्संदेह, सरकार की नई पहल का उद्देश्य आदिवासी जिले लाहौल और स्पीति में पर्यटन के कार्बन फुटप्रिंट को कम करना है। इसके अलावा हिमाचल उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में आगंतुकों के लिये सुविधाओं का विस्तार करना भी है। दरअसल, राज्य सरकार सीमावर्ती इलाकों में पर्यटन को बढ़ावा दे रही है और प्रोटोकॉल में संशोधन करके यात्रियों की पहुंच को आसान बना रही है। ऐसी ही एक पहल मंगलवार को किन्नौर जिले के शिपकी-ला में मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू ने शुरू की। दरअसल, इन क्षेत्रों के सामरिक महत्व को देखते हुए राज्य के अधिकारी सेना और भारत-तिब्बत सीमा पुलिस के साथ समन्वय बनाकर काम कर रहे हैं। निश्चित रूप से हिमाचल प्रदेश सरकार की यह पहल स्थानीय अर्थव्यवस्था के लिये, खासकर दूरदराज के गांवों के लिये अच्छा संकेत है। जब ग्रामीणों का जन-जीवन बाहर से आने वाले पर्यटकों की गतिविधियों से प्रभावित होता है तो उन्हें पर्यटन से होने वाले लाभ भी मिलने चाहिए। वहीं पर्यटकों की सुरक्षा का भी एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। पहलगाम आतंकी हमले ने हमें कई सबक दिए हैं। सबक याद दिलाए हैं कि यदि पर्यटकों की सुरक्षा दांव पर हो तो लापरवाही व चूक के लिये कोई जगह नहीं हो सकती। कश्मीर का हालिया अनुभव बताता है कि जब पर्यटक असुरक्षित महसूस करते हैं तो पर्यटन उद्योग को उसकी बड़ी कीमत चुकानी पड़ती है। यही वजह है कि जम्मू-कश्मीर जाने वाले पर्यटकों की संख्या में भारी गिरावट आ रही है।

संसदीय मर्यादा, लोकतांत्रिक मूल्य एवं न्यायपालिका का सम्मानः देश की वास्तविक कसौटी

आम तौर पर प्रतीकात्मक संसद का आयोजन शैक्षणिक संस्थानों में युवाओं और छात्रों को विधायी प्रक्रियाओं, बहस के तरीकों तथा संसदीय मर्यादाओं से परिचित कराने के लिए किया जाता है। इसके पीछे एक सकारात्मक उद्देश्य होता है ताकि आने वाली पीढ़ी लोकतंत्र की मूल भावना को गहराई से समझ सके। इसके विपरीत, जब इस प्रकार के आयोजनों को राजनीतिक दलों द्वारा अपने संकीर्ण राजनीतिक हितों को साधने और संवैधानिक संस्थाओं पर दबाव बनाने के अस्त्र के रूप में इस्तेमाल किया जाने लगे, तो यह एक चिंताजनक विषय बन जाता है।

संसदीय लोकतंत्र की अपनी एक पवित्र मर्यादा होती है, जिसकी रूपरेखा हमारे संविधान निर्माताओं ने बड़े ही आदर और दूरदर्शिता के साथ गढ़ी थी। संसद वह सर्वोच्च मंदिर है जहां देश की सवा सौ करोड़ से अधिक जनता की आकांक्षाओं को स्वर मिलता है, कानून बनते हैं और देश के भविष्य की दिशा तय होती है। लेकिन हाल के दिनों में जिस प्रकार राजनीतिक स्वार्थों के चलते प्रतीकात्मक संसद और दिखावे के आयोजनों का चलन बढ़ा है, वह लोकतांत्रिक संस्थाओं की गरिमा पर एक गंभीर आघात है। आम तौर पर प्रतीकात्मक संसद का आयोजन शैक्षणिक संस्थानों में युवाओं और छात्रों को विधायी प्रक्रियाओं, बहस के तरीकों तथा संसदीय मर्यादाओं से परिचित कराने के लिए किया जाता है। इसके पीछे एक सकारात्मक उद्देश्य होता है ताकि आने वाली पीढ़ी लोकतंत्र की मूल भावना को गहराई से समझ सके। इसके विपरीत, जब इस प्रकार के आयोजनों को राजनीतिक दलों द्वारा अपने संकीर्ण राजनीतिक हितों को साधने और संवैधानिक संस्थाओं पर दबाव बनाने के अस्त्र के रूप में इस्तेमाल किया जाने लगे, तो यह एक चिंताजनक विषय बन जाता है। गत दिवस विपक्षी दलों की पहल पर जिस तरह से दिखावटी संसद का संचालन किया गया, उसे किसी भी दृष्टिकोण से स्वस्थ राजनीतिक परिपक्वता का परिचायक नहीं कहा जा सकता। इस आयोजन ने न केवल हमारी संसद की गरिमा को धूमिल करने का काम किया, बल्कि स्वयं विपक्षी दलों के वैचारिक दिवालियापन को भी उजागर किया। इस पूरे घटनाक्रम का सबसे दुर्भाग्यपूर्ण पहलू यह रहा कि तथाकथित दिखावटी संसद में उन तत्वों को भी



प्रमुखता से मंच प्रदान किया गया, जिन्हें अक्सर आंदोलनजीवी प्रवृत्ति के रूप में जाना जाता है। ये वे लोग होते हैं जिनका सरोकार रचनात्मक आलोचना या जनहित से कम और अपनी राजनीतिक रोटियां सेकने से अधिक होता है। जब ऐसे तत्वों को मंच मिलता है, तो बहस का स्तर बौद्धिक और गंभीर होने के बजाय अमर्यादित और आरोप-प्रत्यारोप का अखाड़ा बन जाता है। इस मंच से मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के विरुद्ध जिस प्रकार तथाकथित 'जन महाभियोग' लाने का नाटक किया गया, उसने संवैधानिक संस्थाओं की स्वतंत्रता और निष्पक्षता पर सीधा प्रहार किया है। चुनाव आयोग जैसी संस्थाएं देश के लोकतंत्र की रीढ़ हैं। यदि इन निष्पक्ष और स्वायत्त संस्थाओं पर इस तरह के निराधार और प्रायोजित आरोप लगाए जाएंगे, तो आम जनता का देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था से विश्वास उठने लगेगा। इस एकतरफा तमाशे में मुख्य चुनाव आयुक्त या चुनाव आयोग का पक्ष रखने के लिए न्यूनतम प्रतीकात्मक सुविधा भी प्रदान नहीं की गई। यह न्याय के प्राकृतिक सिद्धांतों के भी पूर्णतः विरुद्ध था। एक तरफा फैसला सुनाने की इस प्रवृत्ति ने यह साबित कर दिया कि यह आयोजन न्याय करने के लिए नहीं, बल्कि जनता को गुमराह करने और एक समानांतर राजनीतिक अदालत चलाने के लिए किया गया था। न्यायशास्त्र और लोकतांत्रिक परंपराओं में इस प्रकार के कृत्यों के लिए कोई स्थान नहीं है। इसे आसानी से कंगारू कोर्ट की संज्ञा दी जा सकती है, जहां फैसले पहले से तय होते हैं और उद्देश्य केवल किसी व्यक्ति या संस्था की छवि को धूमिल करना होता है। सबसे बड़ा विरोधाभास तब सामने आता है जब एक तरफ तो मतदाता सूचियों के शुद्धीकरण यानी एसआईआर से संबंधित याचिकाएं देश के सर्वोच्च न्यायालय यानी सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन होती हैं और दूसरी तरफ सड़क पर या बंद कमरों में समानांतर जनसुनवाई चलाई जाती है। इन याचिकाओं में स्वयं विपक्षी दलों और उनके शीर्ष नेताओं के नाम शामिल हैं, जिनमें राहुल गांधी की याचिका भी प्रमुखता से है। याचिका दायर करते समय और उसके बाद खुद राहुल गांधी ने मीडिया के सामने यह बयान दिया था कि उन्हें देश की न्यायपालिका और विशेषकर सुप्रीम कोर्ट पर पूरा भरोसा है। यदि विपक्षी खेमे का यह दावा है कि उन्हें सर्वोच्च न्यायालय पर अटूट विश्वास है, तो फिर इस प्रकार की दिखावटी संसद बुलाने और दुराग्रह से प्रेरित होकर तथाकथित जन महाभियोग जैसी नौटंकी करने का क्या औचित्य बचता है? यह सीधा-सीधा कथनी और करनी के भारी अंतर को दर्शाता है। एक तरफ न्यायालय की शरण लेना और दूसरी तरफ न्यायालय के बाहर अपनी ही अदालत सजाकर फैसले सुना देना, दो अलग-अलग और परस्पर विरोधी बातें हैं। इससे स्वतः ही यह स्पष्ट हो जाता है कि राहुल गांधी और उनके सहयोगी दल वास्तव में न्यायपालिका की प्रक्रिया का सम्मान करने के लिए तैयार नहीं हैं। वे केवल तभी तक न्यायपालिका या संविधान का नाम लेते हैं जब तक फैसले या स्थितियां उनके अनुकूल प्रतीत होती हैं। जैसे ही उन्हें अपने राजनीतिक एजेंडे के अनुसार चीजें होती नहीं दिखतीं, वे संवैधानिक मर्यादाओं को ताक पर रखकर सड़कछाप राजनीति पर उतर आते हैं। जिस मामले की सुनवाई देश की सबसे बड़ी अदालत में चल रही हो, उस पर सार्वजनिक मंचों से इस प्रकार की जनसुनवाई करना और दबाव की राजनीति करना, न केवल लोकतांत्रिक मर्यादाओं के विरुद्ध है, बल्कि यह सीधे तौर पर न्यायपालिका की अवमानना की श्रेणी में भी आ सकता है। संविधान की रक्षा की बात करने वालों को यह समझना होगा कि संविधान केवल अदालतों में बहस करने या रैलियों में हाथ में एक छोटी सी प्रति लेकर घूमने का नाम नहीं है। संविधान एक जीवंत दस्तावेज है जो आचरण, अनुशासन, नियमों के पालन और संस्थागत सम्मान की मांग करता है।

असहनीय हो चुकी है न्याय में देरी

इस कथन से शायद ही कोई अपरिचित हो कि 'न्याय में देरी न्याय से वंचित करना है, लेकिन बार-बार की देरी तो अन्याय है।' महान संवैधानिक विशेषज्ञ एवं न्यायविद् नानी पालकीवाला का यह कथन भी खूब प्रचलित है कि भारत में न्याय प्रशासन की सबसे बड़ी खामी देरी है और मैं दुनिया के किसी भी ऐसे देश से अवगत नहीं जहां मुकदमे इतने लंबे समय तक चलते हों, जितने भारत में। उनका यह भी कहना था, भारत में कानून बहुत ज्यादा हैं और न्याय बहुत कम। ये सभी चर्चित कथन भारतीय न्यायपालिका के समक्ष खड़ी चुनौतियों की गंभीरता को ही बयान करते हैं। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा हाल में नेशनल कंपनी ला ट्रिब्यूनल यानी एनसीएलटी और नेशनल कंपनी ला अपीलेट ट्रिब्यूनल अर्थात एनसीएलएटी की प्रशासनिक स्वतंत्रता पर गंभीर चिंता जताते हुए यह टिप्पणी करना कि इन संस्थाओं को कारपोरेट कार्य मंत्रालय ने 'पूरी तरह हाईजैक' कर लिया है, इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि केवल विशेष ट्रिब्यूनल या न्याय मंच बना देने भर से त्वरित न्याय सुनिश्चित नहीं हो जाता। इन संस्थाओं में भारी रिक्तियों, बुनियादी ढांचे के अभाव और प्रशासनिक नियंत्रण में ढिलाई के कारण मुकदमों का निपटारा हफ्तों या महीनों में होने के बजाय सालों-साल खिंच



जाता है, जिससे व्यावसायिक विवादों और आम नागरिकों को भारी आर्थिक और मानसिक क्षति होती है। यह विडंबना ही है कि जिन विशेष संस्थाओं का गठन मामलों को तेजी से निपटाने के लिए किया गया था, वे स्वयं प्रशासनिक और व्यवस्थागत जकड़न का शिकार हैं। निचली अदालतों, अपीलीय ट्रिब्यूनलों और न्याय के अन्य मंचों पर मुकदमों के निस्तारण में लंबी देरी और कई बार आने वाले अस्पष्ट या त्रुटिपूर्ण फैसलों का एक सबसे बड़ा कारण जवाबदेही का पूर्ण अभाव है। अक्सर निचली अदालतों द्वारा पारित सतही या कानूनी रूप से कमजोर निर्णयों को उच्च न्यायालयों और सर्वोच्च न्यायालय द्वारा खारिज कर दिया जाता है और उन पर कड़ी टिप्पणियां भी की जाती हैं, परंतु यह बात कभी सार्वजनिक नहीं होती कि ऐसे न्यायाधीशों के खिलाफ अंततः क्या अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई? इसके विपरीत इन न्यायाधीशों की पदोन्नति का आधार और आंतरिक मूल्यांकन प्रणाली पूरी तरह से अपारदर्शी है, जिससे आम जनता और विशेष रूप से वादियों के मन में न्याय व्यवस्था के प्रति अविश्वास पैदा होता है। इस दोहरी चुनौती से पार पाने के लिए यह समझना आवश्यक है कि व्यवस्था की कमजोरी केवल प्रशासनिक या बुनियादी ढांचे के अभाव तक सीमित नहीं है, बल्कि आंतरिक अनुशासन की कमी भी है। एक तरफ जहां कार्यपालिका के लिए यह आवश्यक है कि वह न्यायिक संस्थाओं को पर्याप्त संसाधन और स्टाफ देकर उनकी गति को बाधित करने वाले कारणों का निवारण करे, वहीं दूसरी तरफ न्यायपालिका के भीतर भी न्यायाधीशों की जिम्मेदारी बनती है कि वे उपलब्ध संसाधनों का सर्वोत्तम उपयोग करते हुए बिना अनावश्यक विलंब के त्वरित निर्णय दें। केवल बुनियादी ढांचे की कमी को ही देरी का एकमात्र कारण नहीं माना जा सकता, क्योंकि न्यायाधीशों के पास अपनी कार्यशैली और समय-प्रबंधन में सुधार करके स्थिति को काफी हद तक बेहतर बनाने की शक्ति होती है। इसका उन्हें उपयोग करना ही चाहिए। न्याय में देरी की विकट समस्या से निपटने के लिए केवल निचली अदालतों ही नहीं, बल्कि सर्वोच्च न्यायालय सहित संपूर्ण न्याय तंत्र की जवाबदेही तय करना अनिवार्य हो गया है, ताकि लोगों को समय पर सही न्याय मिल सके। प्रख्यात न्यायविदों और न्यायिक सुधारों पर बल देने वालों का यह स्पष्ट मत रहा है कि जब तक न्यायपालिका अपनी आंतरिक कार्यप्रणाली में आधुनिक प्रबंधन और कड़े अनुशासन को नहीं अपनाती, तब तक केवल नए-नए कानून बना देने से स्थिति नहीं सुधरेगी। इस दिशा में भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीशों के साथ विधि आयोगों ने बार-बार इस पर बल दिया है कि मुकदमों की सुनवाई के दौरान तारीख पर तारीख की संस्कृति पर कड़ाई से रोक लगनी चाहिए और अनावश्यक रूप से मामले को लटकाने वाले वकीलों या पक्षों पर भारी वित्तीय दंड लगाया जाना चाहिए।

राजस्थान में गहराता नदी प्रदूषणः औद्योगिक विकास एवं पर्यावरण सुरक्षा की चुनौती

प्रकृति और मानव सभ्यता का संबंध अत्यंत प्राचीन एवं संवेदनशील रहा है। नदियां केवल जल का स्रोत नहीं होतीं, बल्कि वे किसी भी क्षेत्र की जीवन रेखा, संस्कृति और अर्थव्यवस्था का आधार होती हैं। विशेष रूप से राजस्थान जैसे शुष्क और अर्ध-शुष्क राज्य में, जहां जल की एक-एक बूंद अमूल्य है, वहां नदियों का अस्तित्व और उनकी स्वच्छता और भी अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है। लेकिन अत्यंत खेद और चिंता का विषय है कि राज्य की जीवनदायिनी नदियों में औद्योगिक अपशिष्ट और दूषित जल का प्रवाह लगातार बढ़ता जा रहा है। हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय ने जोजरी नदी में खतरनाक औद्योगिक कचरे के अनियंत्रित बहाव और इससे आम जनजीवन पर मंडरा रहे जानलेवा संकट को लेकर राजस्थान सरकार और संबंधित प्रशासनिक तंत्र को एक बार फिर कड़ी फटकार लगाई है। अदालत की यह तल्ख टिप्पणी इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि राज्य में पर्यावरण संरक्षण को लेकर प्रशासनिक स्तर पर किस कदर उदासीनता और लापरवाही



बरती जा रही है। यह समस्या कोई रातों-रात पैदा हुई तात्कालिक स्थिति नहीं है, बल्कि दशकों से चली आ रही एक ऐसी व्यवस्थागत नाकामी है, जिसने पश्चिमी राजस्थान के एक विशाल भू-भाग को पर्यावरणीय विनाश के कगार पर लाकर खड़ा कर दिया है। इतिहास गवाह है कि वर्ष 2011 में राजस्थान उच्च न्यायालय में दायर एक जनहित याचिका के माध्यम से राज्य सरकार और उसके प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का ध्यान इस भयावह त्रासदी की ओर आकर्षित किया गया था। जोजरी, लूणी और बांडी नदियां पश्चिमी राजस्थान के शुष्क और थार मरुस्थल से सटे इलाकों की प्रमुख मौसमी नदियां हैं। ये नदियां जोधपुर, बालोतरा और पाली जैसे प्रमुख व्यापारिक एवं औद्योगिक जिलों से होकर गुजरती हैं। बीते कुछ दशकों में यह पूरा क्षेत्र कपड़ा रंगाई, छपाई, प्रोसेसिंग और इस्पात उद्योग के एक बड़े केंद्र के रूप में तेजी से विकसित हुआ है। औद्योगिक विकास ने निश्चित रूप से स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर पैदा किए और आर्थिक गतिविधियों को गति दी, लेकिन इस विकास की कीमत पर्यावरण और जनस्वास्थ्य को चुकानी पड़ रही है। इन कारखानों से निकलने वाला जहरीला, रासायनिक और अशोधित या अपर्याप्त रूप से शोधित अपशिष्ट बिना किसी संकोच के सीधे इन मौसमी नदियों के प्रवाह क्षेत्र और आसपास की कृषि योग्य मिट्टी में बहाया जा रहा है। इसका सीधा और घातक परिणाम यह हुआ है कि नदियों का पानी पूरी तरह से जहरीला हो चुका है और आसपास का भूजल स्तर भी भारी धातुओं व हानिकारक रसायनों से बुरी तरह प्रदूषित हो गया है। इस जल प्रदूषण की विभीषिका का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इस क्षेत्र में रहने वाले लगभग बीस लाख से अधिक लोगों की सेहत और दैनिक जीवन पर गंभीर संकट छा गया है। दूषित पानी के सेवन और संपर्क में आने से स्थानीय निवासियों में त्वचा रोग, कैंसर, गुर्दे की बीमारियां और पाचन तंत्र से जुड़ी गंभीर व्याधियां तेजी से फैल रही हैं। इसके साथ ही, इस इलाके में नदियों के तल से बालू और रेत का अवैध खनन भी धड़ल्ले से जारी है। रेत का यह अनियंत्रित खनन नदियों के प्राकृतिक प्रवाह को नष्ट कर रहा है, जिससे बाढ़ और भूमि कटाव का खतरा बढ़ गया है। वर्ष 2025 में अदालत के समक्ष राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत किए गए आंकड़े प्रशासनिक विफलता की एक बेहद निराशाजनक तस्वीर पेश करते हैं।

मामला सिर्फ भोलेपन का नहींः 'डिजिटल अरेस्ट' से आगे

'डिजिटल अरेस्ट' के घपलों पर 29 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई के दौरान, न्यायमूर्ति सूर्यकांत की यह झुंझलाहट समझ में आती है कि अदालत की तरफ से ढेरों चेतावनियों और आदेशों के बावजूद, लोग अब भी ऐसे घपलों का शिकार हो रहे हैं। बरामदगियों के बाद भी इस साल इन घपलों से लगभग 800 करोड़ रुपये की चपत लगी है। यह मोटी रकम पीड़ित व्यक्तियों की बचत से गयी है। लेकिन यह केवल भोलेपन का मामला नहीं है। खुद को सीबीआई या पुलिस अधिकारियों की तरह पेश करने वाले ठग इसलिए सफल हो जाते हैं कि उनके शिकार, खास तौर पर बुजुर्ग नागरिक, कानून प्रवर्तन एजेंसियों की बात मानते हैं या उनसे डरते हैं। जब भारतीय पुलिस को आम नागरिकों के प्रति सख्त और केवल ताकतवर लोगों की सेवा में लगा देखा जाता है, तो कई लोगों को वीडियो कॉल पर 'गिरफ्तारी' उतनी अविश्वसनीय नहीं लग सकती। खैर, 'केवाईसी संशोधन निर्देशावली, 2026' को अंतिम रूप देने के लिए अदालत का भारतीय रिजर्व बैंक पर दबाव डालना स्वागतयोग्य है। इस निर्देशावली के तहत बैंकों को संदिग्ध 'म्यूल एकाउंट्स' की पहचान करनी होगी और उन पर निकासी संबंधी अस्थायी रोक लगानी होगी। सीबीआई जांच में सामने आया है कि पीड़ितों को चूना लगाने के बाद अपनी काली कमाई सफेद बनाने के वास्ते घपलेबाज मुख्य रूप से 'म्यूल एकाउंट्स' का इस्तेमाल करते हैं और कुछ मामलों में, बैंक कर्मचारियों ने इन्हें खुलवाने में मदद की है। लेन-देन के पूरे इतिहास और एआई टूल्स की उपलब्धता को देखते हुए, बैंक अब असामान्य लेन-देन की ज्यादा तेजी से पहचान कर सकते हैं। अटॉर्नी जनरल का यह आश्वासन भी स्वागतयोग्य है कि 31 दिसंबर तक यह निर्देशावली लागू हो जायेगी। सुप्रीम कोर्ट का इस बात पर जोर कि पीड़ितों को बैंक मुआवजा दें, आरबीआई के शून्य-दायित्व प्रावधानों से जुड़ा मसला हल करने पर ध्यान देता है। आरबीआई का साल 2017 का सर्कुलर केवल अनधिकृत लेन-देन को कवर करता है, जिससे वे पीड़ित लोग बेसहारा रह जाते हैं जिन्हें डरा-धमका कर पैसे ट्रांसफर करने के लिए मजबूर किया गया। बैंकों की ओर से उचित सावधानी बरतने में कमी पाये जाने पर पीड़ितों को पूरा मुआवजा देने की व्यवस्था बहुत सावधानी से लागू की जानी चाहिए, क्योंकि यह बैंकों को वास्तविक 'म्यूल एकाउंट्स' के अलावा बहुत से दूसरे खातों को भी संदिग्ध के रूप में चिह्नित करने के लिए बाध्य कर सकता है। आरबीआई के निर्देशों में पहले ही बहुत सी चीजें शामिल हैं। 1,000 रुपये या उससे अधिक के किसी लेन-देन को, जो खाताधारक की घोषित प्रोफाइल के हिसाब से 'असामान्य' हो, या किसी रिपोर्ट किये गये खाते से जुड़ा हो, 60 दिनों तक रोके रखा जा सकता है, और अगर पुलिस निर्देश दे तो और भी अधिक समय तक। ऐसे मामलों में जहां छोटे व्यापारियों और 'जन धन' खाताधारकों को अनजाने में 'म्यूल एकाउंट्स' से पैसे मिले हैं, उनके खातों को दो महीने या अधिक समय के लिए फ्रीज कर देना एक गैर-आनुपातिक दंड है। इसके अलावा, सुप्रीम कोर्ट का यह सुझाव कि असामान्य लेन-देन की जानकारी अपने आप पुलिस को दी जाए और भौतिक रूप से सत्यापन किया जाए, निजता से जुड़ी चिंताएं पैदा करता है। इन उपायों को यह सुनिश्चित करना होगा कि बैंकों की नाकामियों की सजा सच्चे खाताधारकों को न भुगतनी पड़े। इनमें से कई घपले म्यांमार के संघर्षग्रस्त क्षेत्रों में और कंबोडिया तथा लाओस में तस्करी कर लाये गये भारतीयों का इस्तेमाल करके विभिन्न परिसरों से चलाये जा रहे हैं। इन देशों में ये घपले कुछ हद तक आधिकारिक संरक्षण के कारण फले-फूले हैं। भारत को इन हुकूमतों पर दबाव डालने के लिए अपने रसूख का इस्तेमाल करना होगा।

लघु कथा

बेटी

'छुट्टी की बड़ी समस्या है दीदी, पापा अस्पताल में नर्सों के सहारे हैं!' भाई से फोन वार्ता समाप्त होते ही सुमी तुरन्त अटैची तैयार कर बनारस से दिल्ली चल दी। अस्पताल पहुँचते ही देखा कि पापा बेहोशी के हालत में बड़बड़ा रहे थे। उसने झट से उनका हाथ अपने हाथों में लेकर, एहसास दिला दिया कि कोई है, उनका अपना। हाथ का स्पर्श पाकर जैसे उनके मृतप्राय शरीर में जान-सी आ गयी हो। वार्तालाप घर-परिवार से शुरू होकर न जाने कब जीवन बिताने के मुद्दे पर आकर अटक गयी। एक अनुभवी स्वर प्रश्न बन उभरा, तो दूसरा अनुभवी स्वर उत्तर बन बोल उठा– 'पापा, पहला पड़ाव आपके अनुभवी हाथ को पकड़ के बीत गया। दूसरा पति के ताकतवर हाथों को पकड़ बीता और तीसरा बेटों के मजबूत हाथों में बीत गया। 'चौथा ...! वह कैसे बीतेगा, कुछ



सोचा? वही तो बीतना कठिन होता है बिटिया।

चौथा आपकी तरह!

मेरी तरह! ऐसे बीमार, निःसहाय!

नहीं पापा, आपकी तरह अपनी बिटिया के शक्तिशाली हाथों को पकड़, मैं भी चौथा पड़ाव पार कर लूँगी।

मेरा शक्तिशाली हाथ तो मेरे पास है, पर तेरा किधर है?' पिता ने मुस्कुराकर पूछा।

नानाजी... तभी अंशु का सुरीला स्वर उनके कानों में पड़ा जो पूरे कमरे को संगीतमय कर गया।

चलो दिल्ली मार्च कांग्रेस के राजनीतिक पतन के ताबूत में आखिरी कील साबित होगा: जेपी नड्डा

संचार जगत



नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा ने राहुल गांधी और इंडिया ब्लॉक पर लोकतंत्र के नाम पर अराजकता फैलाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि उनकी रैली का उद्देश्य चुनी हुई सरकार को अस्थिर करना, त्योहारों के मौसम में दिल्ली के व्यापारियों को नुकसान पहुंचाना और 1984 के सिख विरोधी दंगों के पीड़ितों का अपमान करना है। नड्डा ने दावा किया कि यह रैली कांग्रेस के राजनीतिक पतन के ताबूत में आखिरी कील साबित होगी। इंडी गठबंधन की महारैली पर जेपी नड्डा ने कहा, रामलीला मैदान में जो कुछ हो रहा है, वह लोकतंत्र के प्रति सम्मान नहीं है, बल्कि, यह लोकतंत्र के नाम पर देश को अराजकता में धकेलने की एक सोची-समझी साजिश है। यह उन लोगों द्वारा रचा गया एक मूर्खतापूर्ण नाटक है, जिन्हें जनता ने बार-बार हराया और नकारा है। नड्डा ने कहा कि यह भारत है, कोई बनाना रिपब्लिक नहीं है कि जब चाहें तब आगजनी, दंगा और रिजीम चेंज का ऐजेंडा चला दें। राहुल गांधी यह सपना देखना बंद कर दीजिए।

लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ मार्च निकाला

इंडिया ब्लॉक की रैली के जवाब में भाजपा भी उतरी सड़कों पर

संचार जगत



नई दिल्ली। इंडिया ब्लॉक की ओर से मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ कथित चुनावी अनियमितताओं को लेकर दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित रैली के जवाब में भारतीय जनता पार्टी ने देश के कई राज्यों में लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ मार्च निकाले। पार्टी ने इन प्रदर्शनों के जरिए विपक्ष पर लोकतांत्रिक संस्थाओं को निशाना बनाने और चुनावी प्रक्रिया पर सवाल उठाकर अराजकता फैलाने का आरोप लगाया। हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने विरोध मार्च का नेतृत्व किया। इसमें बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। सरमा ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले कांग्रेस शासित राज्यों की सरकारें इस्तीफा दें, उसके बाद वे हमसे इस्तीफे की मांग करने आएं। सरमा ने राहुल गांधी के सांसद पद से इस्तीफे की मांग करते हुए कहा कि राहुल गांधी भी 2024 में ईवीएम के जरिए ही चुनाव जीतकर आए हैं। ऐसे में उन्हें भी इस्तीफा दे देना चाहिए। शिमला में पदयात्रा में शामिल भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस भारत की प्रगति में बाधा डालने के लिए अराजकता फैला रही है। हरियाणा के रोहतक में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के नेतृत्व में मार्च निकाला गया। महाराष्ट्र के ठाणे में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे भी विरोध रैली में शामिल हुए।

गृह मंत्री अमित शाह ने राहुल गांधी को सिख विरोधी दंगों की याद दिलाई

संचार जगत



चंडीगढ़। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 1984 के सिख विरोधी दंगों को लेकर कांग्रेस और राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस की राजनीति के कारण हजारों सिखों की निर्मम हत्या हुई थी और आज राहुल गांधी उसी तारीख को दिल्ली में बड़ी रैली आयोजित कर दंगा पीड़ितों के जख्मों पर नमक छिड़क रहे हैं। चंडीगढ़ में तिरंगा पार्क में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि एक नवंबर 1984 को कांग्रेस पार्टी की ओर से भड़काए गए दंगों के दौरान दिल्ली में हजारों सिखों की बेरहमी से हत्या की गई थी। गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के सत्ता में आने के बाद दंगों से जुड़े मामलों को दोबारा खोला गया। अमित शाह ने राहुल गांधी की दिल्ली में आयोजित रैली पर भी सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि विदेश से निर्देश मिलने के बाद उसी दिन रैली आयोजित करने का फैसला किया गया, जिस दिन हजारों सिखों को जिंदा जलाया गया था। शाह ने कहा कि गुरुओं की इस धरती से वह कांग्रेस की इस कोशिश की कड़ी निंदा करते हैं। गृह मंत्री ने दिल्ली में आयोजित इंडिया गठबंधन की रैली को लेकर व्यापारियों की परेशानी का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि दिल्ली के व्यापारियों ने कांग्रेस से रैली की तारीख बदलने की अपील की थी। इससे पहले गृह मंत्री अमित शाह ने चंडीगढ़ में 258 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इसके बाद उन्होंने तिरंगा पार्क में आयोजित जनसभा को संबोधित किया।

एक लाख के नकली सिक्के बरामद, चार आरोपी गिरफ्तार



बाजार में नकली नोटों के बाद अब नकली सिक्कों का खेल भी सामने आया है। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने 20 रुपये के नकली सिक्के बनाने और बाजार में सप्लाई करने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस कार्रवाई में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब एक लाख रुपये की कीमत के नकली सिक्के बरामद किए हैं। इस मामले की शुरुआत मुंडका इंडस्ट्रियल एरिया मेट्रो स्टेशन के पास हुई, जहां पुलिस ने पारस जैन नाम के एक आरोपी को पकड़ा। उसके पास से 5 हजार नकली सिक्के मिले। पूछताछ में उसने बताया कि ये सिक्के उसे उपकार लूथरा से मिलते थे। पुलिस के मुताबिक, उपकार हरियाणा के सोनीपत में नकली सिक्के बनाने की यूनिट चला रहा था। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उपकार लूथरा के साथ अनुराग पाल और जनार्दन कुमार चौरसिया संतोष को भी गिरफ्तार कर लिया। इस तरह मामले में अब तक चार आरोपी पुलिस की गिरफ्त में हैं। फिलहाल क्राइम ब्रांच इस पूरे नेटवर्क की जांच कर रही है।

आइजनकोट ने गठबंधन की 4 शर्तें रखीं

तेल अवीव। इजराइल में विपक्षी नेता गादी आइजनकोट ने नई सरकार बनाने के लिए 4 शर्तें रखी हैं। इनमें हरेदी समुदाय को सैन्य सेवा देना अनिवार्य होगा। इसके अलावा इजराइल को यहूदी और लोकतांत्रिक देश बनाए रखना और गाजा से हमास का शासन खत्म करना शामिल है। आइजनकोट ने कहा कि इन शर्तों को मानने वाले दलों के लिए गठबंधन में शामिल होने का रास्ता खुला है। दरअसल, 27 अक्टूबर को हुए चुनाव में किसी भी गठबंधन को बहुमत नहीं मिला। 120 सीटों वाली संसद में सरकार बनाने के लिए 61 सीटें जरूरी हैं। आइजनकोट की पार्टी याशार 21 सीटें जीतकर विपक्ष की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। वे प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को सत्ता से हटाने के लिए अलग-अलग दलों के नेताओं से बातचीत कर रहे हैं।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शक्तिपीठ मां भद्रकाली मंदिर में की पूजा-अर्चना

संचार जगत



चंडीगढ़। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि शक्तिपीठ मां भद्रकाली के दरबार में आकर उन्हें असीम शांति और ऊर्जा की अनुभूति हुई है। यह स्थान हमारी सनातन संस्कृति और आस्था का महान केंद्र है। भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शक्तिपीठ मां भद्रकाली मंदिर कुरुक्षेत्र में देशवासियों की सुख, शांति, समृद्धि और कल्याण के लिए विधिपूर्वक पूजा-अर्चना की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का कुरुक्षेत्र पहुंचने पर हरियाणा के राज्यपाल प्रोफेसर असीम कुमार घोष, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और शक्तिपीठ के पीठाध्यक्ष पंडित सतपाल शर्मा ने मंदिर परिसर में पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। राष्ट्रपति ने सबसे पहले मंदिर परिसर में स्थित प्राचीन देवी कूप पर विधिपूर्वक पूजा-अर्चना की। उन्होंने परंपरा के अनुसार पूजा की और मंदिर की परिक्रमा भी की। इसके उपरांत राष्ट्रपति गर्भगृह में पहुंचीं, जहां उन्होंने मां भद्रकाली की विधिवत पूजा, आरती और मंत्रोच्चारण के साथ प्रार्थना की। उन्होंने माता को पंचामृत, पंचमेवा, नारियल और चुनरी का प्रसाद अर्पित किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के द्वारा वैदिक मंत्रों के बीच मंदिर के पुजारियों ने देश की मंगलकामना के लिए विशेष पूजा संपन्न कराई। पूजा-अर्चना के उपरांत राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को पीठाध्यक्ष पंडित सतपाल शर्मा ने शक्ति का प्रतीक त्रिशूल, माता की प्रतिमा और चुनरी भेंट स्वरूप प्रदान की। उन्होंने माता का आशीर्वाद और प्रसाद भी राष्ट्रपति को दिया और शक्तिपीठ की महिमा और इतिहास के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह मंदिर 51 शक्तिपीठों में से एक है, जहां माता सती के दाएं घुटने का निपात हुआ था। यहां माता आशीर्वाद रूप में विराजमान हैं और इस स्थान के दर्शन मात्र से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। महाभारत काल में पांडवों ने युद्ध से पूर्व यहां विजय की कामना के लिए पूजा की थी।

टिकट कटा तो आम आदमी पार्टी के दो विधायकों ने छोड़ी पार्टी

संचार जगत



चंडीगढ़। पंजाब में चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी को बड़ा सियासी झटका लगा है। पार्टी के दो मौजूदा विधायकों ने इस्तीफा देकर पंजाब की राजनीति में हलचल तेज कर दी है। चर्चा है कि दोनों विधायक बीजेपी का दामन थाम सकते हैं। समाना से विधायक और पूर्व मंत्री चेतन सिंह जौड़ामाजरा और सनौर से विधायक हरमीत सिंह पठानमाजरा ने आम आदमी पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। दोनों ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अपने फैसले की जानकारी साझा की। 31 अक्टूबर को आम आदमी पार्टी ने पंजाब विधानसभा चुनाव के लिए 40 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की थी, लेकिन इन दोनों विधायकों को इसमें जगह नहीं मिली। इसके बाद अगले ही दिन दोनों के इस्तीफे ने सियासी चर्चाओं को हवा दे दी है। अब दोनों विधायकों के केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की चंडीगढ़ में होने वाली जनसभा के दौरान बीजेपी में शामिल होने की अटकलें लगाई जा रही हैं। हालांकि, इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। वहीं आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अमन अरोड़ा और पार्टी प्रवक्ता बलतेज पन्नू ने बीजेपी पर निष्कासित और किनारे किए गए नेताओं को अपने साथ जोड़ने का आरोप लगाया।

आप की लिस्ट पर भाजपा ने साधा निशाना

संचार जगत



होशियारपुर। आम आदमी पार्टी द्वारा पंजाब विधानसभा चुनाव के लिए 40 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी करने पर भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय सांपला ने तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि होर्डिंग लगाकर खुद को ईमानदार बताने वाली सरकार की लिस्ट में पहले नंबर पर खुद सीएम भगवंत मान हैं जिन पर भ्रष्टाचार के आरोप हैं और भ्रष्टाचार के मामले में जेल में बंद संजीव अरोड़ा को लुधियाना से टिकट दिया गया है, जिससे साबित होता है कि आप भ्रष्टाचार को प्रोत्साहित करने वाली पार्टी है। सांपला ने पंजाब में कानून-व्यवस्था को सबसे खराब बताया। आम आदमी पार्टी ने पंजाब विधानसभा चुनाव के लिए 40 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट घोषित कर दी है। इस लिस्ट में भ्रष्टाचार के मामले में जेल में बंद संजीव अरोड़ा का नाम भी शामिल है। उन्होंने कहा कि खुद मुख्यमंत्री भगवंत मान पर सवाल उठते रहे हैं, उनके सीएम ऑफिस के अधिकारियों पर भी भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं।

चंडीगढ़ को दिवाली पर बड़ा तोहफा, एक सप्ताह में होगा ऐलान

संचार जगत



चंडीगढ़। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने चंडीगढ़वासियों को दिवाली पर बड़ी सौगात देने का भरोसा दिलाया है। उन्होंने शहर की 30 से 40 साल पुरानी तीन समस्याओं का समाधान करने की घोषणा की। सेक्टर-17 स्थित तिरंगा पार्क में आयोजित कार्यक्रम में 250 करोड़ रुपए से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करते हुए शाह ने कहा कि एक सप्ताह बाद चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया इन समस्याओं के समाधान की घोषणा करेंगे। अमित शाह ने कहा कि केंद्र सरकार चंडीगढ़ की पुरानी मांगों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। आने वाले दिनों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार चंडीगढ़ को देश की नंबर-1 प्रशासनिक इकाई बनाने की दिशा में काम करेगी। उन्होंने चंडीगढ़ को उत्तर भारत की आत्मा बताते हुए शहर के विकास को केंद्र सरकार की प्राथमिकता बताया। गृह मंत्री ने पंजाब में एनडीए की सरकार बनाने का संकल्प दोहराते हुए कहा कि राज्य में एनडीए सरकार बनाने का लक्ष्य लेकर काम किया जा रहा है। इसके साथ ही वर्ष 2029 तक पंजाब को नशामुक्त बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इससे पहले केंद्रीय गृह मंत्री ने चंडीगढ़ पुलिस के 60वें स्थापना दिवस समारोह में सेक्टर-26 स्थित पुलिस लाइंस में शिरकत की। इस अवसर पर सेक्टर-31 पुलिस स्टेशन को सर्वश्रेष्ठ पुलिस स्टेशन की ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

यूक्रेन की ऊर्जा व्यवस्था को तबाह कर रहा है रूस: जेलेंस्की

कीव। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा है कि शनिवार रात रूस ने निप्रो, विन्नित्सिया, जाइटॉमिर और खमेलनित्स्की में हमारे ऊर्जा व्यवस्था पर हमला किया। उन्होंने बताया कि देश के अन?य महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचों को भी रूस लगातार निशाना बना रहा है। जेलेंस्की ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि रूस ने चार क्षेत्रों निप्रो, विन्नित्सिया, जाइटॉमिर और खमेलनित्स्की में हमारे ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर हमला किया। लोगों के घरों तक बिजली पहुंचाने वाले सबस्टेशन, ट्रांसफॉर्मर और बिजली की लाइनें निशाना बनाई गईं। मरम्मत दल हर जगह काम कर रहे हैं। जेलेंस्की ने बताया कि यूक्रेन के अन्य महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे पर भी रूस के बड़े हमले लगातार जारी हैं।

कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर 10 रुपए महंगा

संचार जगत



नई दिल्ली। नवंबर की शुरुआत के साथ ही कमर्शियल एलपीजी और विमान ईंधन एटीएफ की कीमतों में बढ़ोतरी की गई है। तेल विपणन कंपनियों ने 19 किलोग्राम वाले वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 10 रुपए की बढ़ोतरी की है, जिसके बाद इसकी कीमत 2,810 रुपए से बढ़कर 2,820 रुपए हो गई है। यह लगातार दूसरा महीना है जब कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दाम बढ़ाए गए हैं। इससे पहले एक अक्टूबर को इसकी कीमत में 62.50 रुपए प्रति सिलेंडर की वृद्धि की गई थी। वहीं सितंबर में भी 9.50 रुपए प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी हुई थी। हालांकि इससे पहले जुलाई और अगस्त में कमर्शियल एलपीजी की कीमतों में क्रमशः 183.50 रुपए और 192 रुपए की बड़ी कटौती की गई थी। इसके बावजूद फरवरी से जून के बीच कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में कुल 1,373 रुपए की बढ़ोतरी दर्ज की गई थी, जिससे कीमत 1,740.50 रुपए से बढ़कर रिकॉर्ड 3,113.50 रुपए प्रति सिलेंडर तक पहुंच गई थी। घरेलू उपभोक्ताओं के लिए राहत की बात यह है कि 14.2 किलोग्राम वाले घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इसकी कीमत 942 रुपए प्रति सिलेंडर पर बरकरार रखी गई है। इसी तरह मई में बढ़ोतरी के बाद पेट्रोल और डीजल की कीमतों में भी कोई बदलाव नहीं किया गया है।

पंजाब में सत्ता में आए तो उद्योगों को 5 रुपए प्रति यूनिट बिजली देंगे: सुखबीर बादल

संचार जगत



चंडीगढ़। शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने घोषणा की कि पंजाब में पार्टी की अगली सरकार औद्योगिक क्षेत्र को 5 रुपए प्रति यूनिट की दर से बिजली मुहैया कराएगी। इसके अलावा, बिल्डरों को समयबद्ध मंजूरी देने और पंजाब में नई आईटी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सुविधाओं की स्थापना को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के लिए बिल्ड पंजाब नामक एक नया विभाग गठित किया जाएगा। शिअद अध्यक्ष ने पार्टी के व्यापार और उद्योग विंग के अध्यक्ष एनके शर्मा के साथ व्यापार और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों से खुली बातचीत की। उन्होंने कहा कि 10 से 12 रुपए प्रति यूनिट की उच्च बिजली दरों के कारण पंजाब में उद्योग अव्यवहार्य हो गया है। उन्होंने कहा कि इन दरों को कम करने के अलावा, अगली शिअद सरकार उद्योगपतियों को अपने सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने की अनुमति देगी, जिससे उनकी बिजली दरें घटकर 1.50 रुपए प्रति यूनिट हो जाएंगी। उन्होंने यह भी घोषणा की कि पिछली शिअद सरकार द्वारा नए निवेश के लिए समयबद्ध मंजूरी सुनिश्चित करने के लिए स्थापित किए गए इन्वेस्ट पंजाब विभाग की तरह, अगली शिअद सरकार के तहत एक बिल्ड पंजाब विभाग की स्थापना की जाएगी।

नितिन नवीन का राहुल गांधी पर निशाना, कहा-'जनता के मत से बनी सरकार का कोई बाल भी बांका नहीं कर सकता'

संचार जगत



रोहतक। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन रोहतक में आयोजित लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओ पद यात्रा में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा है। नितिन नवीन ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि जनता के मत से बनी सरकार का कोई बाल भी बांका नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि आज हम लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए, जनादेश के सम्मान के साथ पदयात्रा निकाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि 1 नवंबर 1984 में हमारे सिख भाइयों के साथ जो गंदा खेल खेला गया, जो कत्लेआम हुआ, कांग्रेस को उसका प्रायश्चित करना चाहिए था, माफी मांगनी चाहिए थी लेकिन आज ये रैली करने निकले हैं। नितिन नवीन ने कहा कि आज संविधान की प्रति लेकर घूमते हैं लेकिन संविधान को तार-तार भी इसी कांग्रेस पार्टी ने किया है। उन्होंने कहा कि विदेशी ताकतों के इशारे पर, राहुल गांधी विदेशी ताकतों की टूलकिट बनकर काम कर रहे हैं। वे विदेशी ताकतों के इशारे पर देश के लोकतंत्र को चुनौती देना चाहते हैं। देश की 140 करोड़ जनता देख रही है, उसे मालूम है कि ये कौन लोग हैं।

कंटेनर की टक्कर से पुलिस की गाड़ी खाई में गिरी

रत्नागिरि। महाराष्ट्र के रत्नागिरि जिले के लांजा तालुका में मुंबई-गोवा नेशनल हाईवे पर अंजनारी पुल के पास एक भीषण हादसा हो गया। इस हादसे में एक पुलिसकर्मी और ड्राइवर की मौत हो गई, जबकि दो पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। लोहे की छड़ें ले जा रहा एक तेज रफ्तार कंटेनर ट्रक, हथखंबा हाईवे ट्रैफिक पुलिस यूनिट की सरकारी बोलेरो गाड़ी से पीछे से टकरा गया। टक्कर के बाद बोलेरो एक खड़ी ढलान से नीचे अंजनारी नदी की ओर लगभग 80 से 100 फीट नीचे जा गिरी और पलट गई। इस हादसे में एएसआई संतोष अप्पासाहेब गायकवाड़ और कंटेनर चालक की भी मौत हो गई, जबकि दो पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए।

चुनाव आयोग को देश के लोगों के संवैधानिक अधिकारों को नहीं छीनना चाहिए: शशि थरूर

संचार जगत



नई दिल्ली। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि इंडिया ब्लॉक का विरोध प्रदर्शन नागरिकों के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए है, न कि किसी राजनीतिक दल के लिए। विपक्षी नेता दिल्ली के रामलीला मैदान में मतदाता सूची के एसआईआर के खिलाफ विरोध जताने के लिए इकट्ठा हुए हैं। इस दौरान थरूर ने कहा कि यह पार्टियों की बात नहीं है, यह कांग्रेस की बात नहीं है, यह एक बहुत ही सीधा सा संदेश है कि चुनाव आयोग को भारत के लोगों के संवैधानिक अधिकारों को नहीं छीनना चाहिए। उन्होंने जो किया, वह पूरी तरह से गलत है, आप 13 करोड़ मतदाताओं को सूची से नहीं हटा सकते। यह स्वीकार्य नहीं है, हमें एक बिल्कुल साफ-सुथरी मतदाता सूची चाहिए। उन्होंने कहा कि हम देश के लोगों के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा करने की कोशिश कर रहे हैं। समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने मतदाताओं की संख्या में कथित कमी को लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, खुद उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने भी मान लिया है कि 1 करोड़ 27 लाख वोट कम हो गए हैं। उन्हें यह बात कब याद आई? जब वह एमएलसी चुनाव हार गए। उत्तर प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अजय राय ने भी मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग करते हुए कहा कि ज्ञानेश कुमार को इस्तीफा देना ही होगा। इंडिया ब्लॉक ने एसआईआर प्रक्रिया के विरोध में रामलीला मैदान में प्रदर्शन किया और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की।

ब्रिक्स सस्टेनेबल लाइफस्टाइल वीक के तहत लगाए पौधे



संचार जगत

दौसा। पर्यावरण संरक्षण, प्राकृतिक संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग और आमजन में सतत जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिले में ब्रिक्स सस्टेनेबल लाइफस्टाइल वीक के तहत विभिन्न गतिविधियां शुरू हुई। पहले दिन वन विभाग की ओर से मिशन लाइफ के तहत पौधारोपण, शपथ एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। वन मंडल दौसा के अंतर्गत दौसा, लालसोट, सिकराय, महवा एवं बांदीकुई की पांच वन रेंजों में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित क्षेत्र के विस्तार के लिए 100 से अधिक पौधे लगाए गए। इस दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली अपनाने की शपथ ली तथा आमजन को पौधारोपण, जल संरक्षण, स्वच्छता और प्राकृतिक संसाधनों के सीमित एवं विवेकपूर्ण उपयोग के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान आमजन को दैनिक जीवन में छोटे-छोटे बदलाव अपनाकर पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया गया। लोगों से प्लास्टिक का उपयोग कम करने, पानी एवं बिजली की बचत करने तथा अधिकाधिक पौधे लगाकर उनकी नियमित देखभाल सुनिश्चित करने की अपील की गई। पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक कार्यालय की ओर से स्वच्छता अभियान एवं जनजागरूकता गतिविधियां आयोजित की गई। वहीं होमगार्ड प्रशिक्षण केंद्र दौसा में प्रतिज्ञा कार्यक्रम एवं स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। जिले के अन्य विभागों ने भी शपथ, स्वच्छता एवं जनजागरूकता गतिविधियों में सहभागिता की।

रफ्तार के अंधे जूनून ने बुझा दिया एक घर का चिराग



संचार जगत

नीमराना। सड़कों पर दौड़ती बेलगाम रफ़्तार और बेपरवाह चालकों की आपराधिक लापरवाही ने एक बार फिर एक हंसते-खेलते परिवार की खुशियां छीन लीं। मांडण थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में हरियाणा के मनोज कुमार की मौत हो गई। वह नीमराना फोर्ट में ड्यूटी करने जा रहा था तभी सड़क पर हवा से बातें कर रही एक तेज रफ़्तार विक्टोरियस गाड़ी ने बाइक सवार मनोज को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयानक थी कि मनोज बाइक समेत हवा में उछल गया और ठीक उसी वक़्त पीछे से आ रहे एक भारी कंटेनर के टायरों के नीचे आ गिरा। पहियों की जद में आने से मनोज ने मौके पर ही तड़प-तड़प कर दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही मांडण थाना पुलिस मौके पर पहुंची और लहूलुहान शव को अपने कब्जे में लेकर अस्पताल की मॉर्च्युरी में पहुंचाया।

अलवर निगम ने दुकानें लगाने के लिए नई जगह दी

संचार जगत

अलवर। अलवर नगर निगम की ओर से दीपावली पर कंपनी बाग रोड पर हाट बाजार शुरु करवाया गया है। लेकिन दुकानदारों की शिकायत है कि इस जगह पर ग्राहक नहीं आ रहे है। दुकानदारों ने शनिवार से ही दुकानें लगा ली थीं, जबकि रविवार को बाकी दुकानदार भी अपना सामान लेकर पहुंच गए। इससे पहले ये लोग होपसर्कस और घंटाघर में दुकानें लगाते थे। कंपनीबाग में करीब 340 दुकानें तैयार की गई हैं। वहीं कंपनी बाग के अंदर शहीद स्मारक के पास करीब 100 और दुकान लगाने के तैयारी चल रही है। हाट बाजार में दुकानें सजने के बावजूद ज्यादातर दुकानदारों को ग्राहक नहीं मिल रहे हैं। कई दुकानदारों का कहना है कि कल से दुकान लगाकर बैठे हैं, लेकिन अभी तक एक रूपए की भी बिक्री नहीं हुई है। दुकानदारों में इस बात को लेकर नाराजगी है कि कंपनी बाग रोड पर दुकानें लगवा दी गई, लेकिन ग्राहक अभी भी घंटाघर और होपसर्कस के आसपास की पुरानी दुकानों पर ही पहुंच रहे हैं।

4 लाख की एमडी-ड्रग के साथ तस्कर गिरफ्तार



संचार जगत

सीकर। कोतवाली थाना पुलिस ने 4 लाख रुपए की एमडी ड्रग के साथ 2 हजार के इनामी तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी सीकर में ही 4 किलो अफीम तस्करी के मामले में करीब 1 साल से फरार था। आरोपी नेपाल में फरारी काटने के बाद सीकर आ गया। यहां वह अपनी एक्सीडेंट हुई गाड़ी को ठीक करवाने के लिए जा रहा था। इसी दौरान उसे पकड़ लिया गया। अब पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली पुलिस ने डीएसटी टीम के साथ मिलकर कार्रवाई को अंजाम दिया। कोतवाली थाना एसएचओ सुनील कुमार जांगिड़ ने बताया कि आरोपी की पहचान हरिराम जाट फतेहपुर के रूप में हुई है। हरिराम के कब्जे से 98.40 ग्राम एमडी मिली है। जिसकी मार्केट वैल्यू करीब 4 लाख रुपए के लगभग है। आरोपी हरिराम जाट करीब 1 साल से नेपाल में फरारी काटने के लिए चला गया।

संगरूर की रैली में शामिल होंगे राहुल गांधी

संचार जगत



संगरूर। कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी 4 नवम्बर को पंजाब में एक रैली को संबोधित करने वाले हैं। इसे लेकर पंजाब के संगरूर में तैयारियां की जा रही हैं। इस दौरान राहुल गांधी पंजाब सरकार पर कानून-व्यवस्था और ड्रग्स को लेकर निशाना साध सकते हैं। विजय इंदर सिंगला ने कहा कि इस रैली के साथ विधानसभा चुनाव का आगाज होगा। उन्होंने कहा कि पंजाब के मुद्दों से हम सभी वाकिफ हैं। पंजाब और पंजाब के लोग ऐसा पंजाब नहीं चाहते थे, जैसा पंजाब आज हमारे सामने है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार ने पिछले 5 वर्षों में जिस तरह से काम किया है, उससे ड्रग्स का नशा घर-घर तक पहुंच गया है। कानून-व्यवस्था की स्थिति हम सभी देख रहे हैं। गैंगस्टर फिरौती मांग रहे हैं। पुलिसकर्मियों समेत आम लोगों की दिनदहाड़े हत्या की जा रही है। ये सभी मुद्दे हैं, जो जनता के सामने हैं। सिंगला ने दावा किया कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी 10 से अधिक सीटें नहीं जीत पाएगी। कांग्रेस पंजाब को एक अच्छा शासन देगी, जिसमें युवाओं का बेहतर भविष्य सुनिश्चित होगा। ड्रग्स पर रोक लगाने के लिए हम कठोर कदम उठाएंगे।

मौलाना रजवी ने इंडिया ब्लॉक की रैली पर जताई निराशा

संचार जगत



बरेली। मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के पंजाब में नशामुक्ति अभियान का समर्थन किया और कहा कि ये सिर्फ प्रदेश ही नहीं, देश के लिए बहुत जरूरी है। वहीं रामलीला मैदान में इंडिया ब्लॉक की रैली को लेकर उन्होंने कहा कि धरना-प्रदर्शन संवैधानिक अधिकार है, लेकिन कांग्रेस ने त्योहार सीजन में रैली टालने की व्यापारियों की अपील अनसुनी कर दी, जिससे हजारों करोड़ के नुकसान की आशंका है। मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने कहा कि गृह मंत्री ने पंजाब में नशामुक्ति का एक अभियान चला रखा है और यह बहुत जरूरी भी है। रामलीला मैदान में इंडिया ब्लॉक की रैली को लेकर मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने कहा कि कांग्रेस और इंडिया ब्लॉक की रैली रामलीला ग्राउंड, दिल्ली में होने जा रही है। विरोध करना, धरना-प्रदर्शन करना, यह भारत में हर व्यक्ति और हर राजनीतिक दल का संवैधानिक अधिकार है। मगर इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि आम जनता का नुकसान न हो। उन्होंने कहा कि दिल्ली के व्यापारियों ने कांग्रेस नेतृत्व से रैली कुछ दिनों के लिए टालने की गुहार लगाई थी मगर कांग्रेस और इंडिया अलायंस के नेतृत्व ने उनकी बात को अनसुना कर दिया, लेकिन इन तमाम उम्मीदों पर इंडिया अलायंस ने पानी फेर दिया। अब इससे कितना नुकसान होगा, इसकी भरपाई कौन करेगा? व्यापारी साल भर त्योहारों का इंतजार करते हैं कि बाहर से खरीदार आएंगे, उनका स्टॉक बिकेगा, कुछ आमदनी होगी और परिवार का पालन-पोषण होगा। लेकिन इन तमाम उम्मीदों पर इंडिया अलायंस ने पानी फेर दिया। मौलाना रजवी बरेलवी ने कहा कि अब हजारों करोड़ रुपये के नुकसान की जो बात कही जा रही है, उसकी भरपाई कौन करेगा? कौन-सा व्यक्ति या कौन-सी पार्टी इसकी जिम्मेदारी लेगी? कोई नहीं। व्यापारियों को उनके हाल पर छोड़ दिया जाएगा।

बैलेट पेपर चोरी की घटना के बाद प्रशासन ने की सुरक्षा व्यवस्था कड़ी



संचार जगत

जोधपुर। बिलाड़ा क्षेत्र की ग्राम पंचायत भावी में पंचायती राज चुनाव के दौरान मतदान केंद्र से 150 बैलेट पेपर चोरी होने की घटना के बाद पुलिस और प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। जिला पुलिस अधीक्षक पंकज यादव के निर्देशन में गांव के विभिन्न इलाकों में पैदल और वाहनों से फ्लैग मार्च निकाला गया। पुलिस ने आमजन में सुरक्षा की भावना मजबूत करने और भयमुक्त माहौल बनाए रखने के उद्देश्य से यह कार्रवाई की। मतदान केंद्र से 150 बैलेट पेपर चोरी होने का मामला पुलिस के अनुसार, 30 अक्टूबर 2026 को पंचायती राज चुनाव के दौरान ग्राम भावी के मतदान बूथ से एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा 150 बैलेट पेपर चोरी कर ले जाने की घटना सामने आई थी। इससे निर्वाचन प्रक्रिया की निष्पक्षता और शुचिता प्रभावित हुई। इस संबंध में रिटर्निंग अधिकारी की ओर से मामला दर्ज करवाया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी ने ग्राम भावी में पंच और सरपंच पद के चुनाव निरस्त कर पुनर्मतदान कराने का निर्णय लिया। चुनाव निरस्त किए जाने और अपने कार्यकर्ता को निर्दोष होने के बावजूद फंसाने का आरोप लगाते हुए पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष सुनील चौधरी ने पुलिस थाना बिलाड़ा का घेराव किया। इस दौरान सुनील चौधरी ने अपने ऊपर पेट्रोल जैसा तरल पदार्थ डालकर आत्मदाह का प्रयास किया। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए उन्हें हिरासत में लिया। मौके पर एकत्रित भीड़ को हल्का बल प्रयोग कर तितर-बितर किया गया।

राष्ट्रीय एकता दिवस पर निकाली संडे ऑन साइकिल रैली



संचार जगत

दौसा। हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड राजस्थान राज्य, जिला मुख्यालय के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय कब मास्टर एवं फ्लॉक लीडर बेसिक कोर्स शिविर के अंतर्गत राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर संडे ऑन साइकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली को शिविर संचालक सोनू शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में 96 छात्राध्यापक एवं छात्राध्यापिकाओं ने भाग लेकर राष्ट्रीय एकता, स्वस्थ जीवनशैली और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। रैली का शुभारंभ आदित्य कॉलेज, रामगढ़ पचवारा से हुआ। इसके बाद रैली निर्धारित मार्ग से होते हुए रामगढ़ पचवारा पुलिस थाना पहुंची, जहां इसका समापन किया गया। सात दिवसीय कब मास्टर एवं फ्लॉक लीडर बेसिक कोर्स शिविर के माध्यम से छात्राध्यापक एवं छात्राध्यापिकाओं को स्काउटिंग के सिद्धांतों, अनुशासन, सेवा, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। संडे ऑन साइकिल रैली का उद्देश्य युवाओं को शारीरिक रूप से सक्रिय रहने, पर्यावरण संरक्षण अपनाने तथा देश की एकता और अखंडता बनाए रखने के लिए प्रेरित करना है।

हरियाणा निर्मित अवैध शराब के 5 कार्टून जब्त

संचार जगत



दौसा। सदर थाना पुलिस ने पंचायती राज चुनाव को देखते हुए गश्त के दौरान चैकिंग में 5 कार्टून हरियाणा निर्मित अवैध अंग्रेजी शराब जब्त की है। पुलिस ने दो आरोपी अक्ष्या और सुनिल को गिरफ्तार किया है। अवैध शराब के परिवहन में प्रयुक्त स्कार्पियो को जब्त कर ली। थानाधिकारी युधिष्ठिर ने बताया कि नगरपालिका भाण्डारेज के दरवाजा के पास काले रंग की स्कार्पियों खडी नजर आई। जिसके नम्बर प्लेट पर मिट्टी लगी हुई थी। कार में दो व्यक्ति बैठे हुये नजर आये। रात्रि के समय रोड के किनारे खडे होने का कारण पूछा तो दोनों ही सकपका गये। जिनकी गतिविधि संदिग्ध प्रतीत हुई। जिस पर कार स्कार्पियों को चैक किया तो 5 कार्टून में हरियाणा निर्मित अवैध अंग्रेजी शराब मिली।

मेडिकल कॉलेज में फिर रैगिंग की शिकायत

जूनियर छात्रों ने एनएमसी से लगाई गुहार

संचार जगत



जोधपुर। डॉ. एसएन मेडिकल कॉलेज में रैगिंग का मामला एक बार फिर सामने आया है। जूनियर बैच-2026 के विद्यार्थियों ने सीनियर छात्रों के खिलाफ राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग से शिकायत की है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि कुछ सीनियर विद्यार्थी जूनियर्स पर खुद को बॉस कहलवाने का दबाव बनाते हैं और इंट्रोडक्शन के नाम पर अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते हैं। जूनियर विद्यार्थियों ने अपनी शिकायत में चार से पांच सीनियर छात्रों के नामों का उल्लेख किया है। एनएमसी को शिकायत मिलने के बाद आयोग ने कॉलेज प्रशासन को ई-मेल भेजकर मामले की जानकारी दी। इसके बाद कॉलेज की एंटी रैगिंग कमेटी ने बैठक बुलाकर जांच शुरू कर दी है। कमेटी ने शिकायत में नामजद विद्यार्थियों से पूछताछ की है। साथ ही उनके मोबाइल फोन की भी जांच की गई। संबंधित विद्यार्थियों को सोमवार को एक बार फिर कमेटी के सामने पेश होने के लिए कहा गया है। कमेटी मामले से जुड़े तथ्यों और शिकायत में लगाए गए आरोपों की पड़ताल कर रही है।

अजमेर की सड़कों पर आवारा मवेशियों का जमावड़ा



संचार जगत

अजमेर। सड़कों पर आवारा मवेशियों का जमावड़ा शहरवासियों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। सड़कों पर मवेशियों के चलते आए दिन हादसे हो रहे रहे हैं। मुख्य मार्ग पर इनके जमावड़े से यातायात भी प्रभावित हो रहा है। इसके बावजूद नगर निगम प्रशासन इसकी सुध नहीं ले रहा। नगर निगम के कांजी हाउस की ओर से इनको पकड़ने के दावे किए जाते हैं, लेकिन ये कार्रवाई भी नाकाफी है। अजमेर के कोटड़ा, प्रगति नगर, माकड़वाली रोड, आदर्श नगर, पुष्कर रोड, जनाना रोड, बस स्टैंड रोड, धोलाभाटा सहित कई क्षेत्रों की मुख्य सड़कों के अलावा गली मोहल्लों में घूमते बेसहारा मवेशी देखे जा सकते हैं। सड़कों पर इनके जमावड़े से राहगीर व वाहन चालकों को परेशानी होती है। कई बार वाहन चालक पशुओं को बचाने के प्रयास में अपना संतुलन खो बैठते हैं, जिससे गंभीर हादसे होने की आशंका बढ़ जाती है। वहीं गली मोहल्लों में इनके जमावड़े से लोग परेशान हैं।

अजमेर में जैन मंदिर के ताले तोड़े

अजमेर। अजमेर में चोरों ने जैन मंदिर के ताले तोड़कर 7-8 लाख रुपए की कीमत के चांदी के बर्तन और नकदी उड़ाई। फिलहाल गेगल थाना पुलिस ने चोरी का मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश में जुट गई है। गगवाना स्थित श्री चंद्र प्रभु दिगंबर जैन मंदिर में 30 अक्टूबर की रात को चोरी की वारदात हो गई। चोरी का पता शनिवार को सुबह चला और शाम को मुकदमा दर्ज कराया गया। मंदिर को संभाल रहे मुकेश पाटनी की पत्नी नीतू ने बताया कि जयपुर रोड स्थित सुधर्म सागर कॉलोनी के जैन मंदिर में जब श्रद्धालु दर्शन करने आए तो मंदिर का गेट खुला हुआ था। अंदर जाकर देखा तो अलमारी टूटी हुई थी और सारा सामान बिखरा हुआ था। दान पेटी के साथ-साथ चोर यहां से चांदी के बर्तन और अन्य सामान चोरी कर ले गए।

मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आजम खान को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

संचार जगत



गाजियाबाद। समाजवादी पार्टी नेता मोहम्मद आजम खान को जौहर विश्वविद्यालय से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा गिरफ्तार किए जाने के अगले दिन रविवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। गाजियाबाद एमपी-एमएलए न्यायालय ने यह आदेश पारित किया और निर्देश दिया कि खान 13 नवंबर तक न्यायिक हिरासत में रहेंगे। समाजवादी पार्टी के नेता की शनिवार को ईडी द्वारा गिरफ्तारी की गई। यह गिरफ्तारी उत्तर प्रदेश के रामपुर जिले में मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय से संबंधित 426.46 करोड़ रुपए मूल्य की भूमि और इमारतों की अस्थायी कुर्की के ठीक बाद हुई है। यह कुर्की मौलाना मोहम्मद अली जौहर ट्रस्ट, आजम खान और अन्य से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच के सिलसिले में की गई है। आजम खान के लिए नई मुसीबतें इलाहाबाद हाई कोर्ट द्वारा उन्हें और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम को दी गई अल्पकालिक राहत के बाद आई हैं।

अलवर से जयपुर ले जाकर अलग-अलग जगहों पर किया रेप



संचार जगत

अलवर। अलवर पुलिस ने रविवार को दबिश देकर रेप के आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने 20 दिन से फरार चल रहे आरोपी के मोबाइल की लोकेशन को ट्रेस किया। फिर आरोपी को दबोच लिया। कोतवाली थाना प्रभारी दिनेश मीणा ने बताया कि करीब 20 दिन पहले पीड़िता ने थाने में मामला दर्ज कराया था, कि आरोपी शंकरलाल उसे बहला-फुसलाकर जयपुर ले गया, जहां उसके साथ दुष्कर्म किया। उसे कई स्थानों पर भी ले गया और वहां भी लगातार रेप किया। उन्होंने बताया कि शिकायत मिलने के बाद कोतवाली थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की। पुलिस टीम ने तकनीकी सहायता लेते हुए मोबाइल लोकेशन ट्रेस की और फरार आरोपी शंकरलाल को धर दबोचा। दिनेश मीणा ने बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है और मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

तकनीक, अनुसंधान और नवाचार से बदलेगा नर्सिंग का स्वरूप

संचार जगत



उदयपुर। ट्रेंड नर्सेज एसोसिएशन ऑफ इंडिया की राजस्थान राज्य शाखा एवं गीतांजलि विश्वविद्यालय, उदयपुर के तत्वावधान में राज्य स्तरीय नर्सिंग सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन का विषय इमर्जिंग इंटेलिजेंस एंड डिजिटल हेल्थः रीडिजाइनिंग नर्सिंग थ्रू टेक्नोलॉजी, रिसर्च एंड इनोवेशन रहा। इसमें नर्सिंग शिक्षा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजिटल हेल्थ, अनुसंधान एवं स्वास्थ्य सेवाओं में नवाचार की बढ़ती भूमिका पर विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी रहे, जबकि राजस्थान के पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि समय के साथ नर्सिंग का स्वरूप व्यापक हुआ है। आज नर्सें मरीजों की देखभाल के साथ स्वास्थ्य शिक्षा, जागरूकता, अनुसंधान और तकनीकी नवाचार में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने नर्सिंग में उच्च शिक्षा, कौशल विकास और निरंतर प्रशिक्षण पर जोर देते हुए कहा कि नर्सें स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ हैं। भारत, विशेषकर राजस्थान की नर्सें अपनी दक्षता, सेवाभाव और कार्यकुशलता के दम पर विदेशों में भी विशिष्ट पहचान बना रही हैं। सम्मेलन में प्रदेशभर से एक हजार से अधिक प्रतिभागियों और 150 से अधिक नर्सिंग कॉलेजों के प्राचार्यों ने भाग लिया। इस व्यापक सहभागिता ने नर्सिंग शिक्षा, अनुसंधान एवं व्यावसायिक विकास के क्षेत्र में आपसी सहयोग और ज्ञान के आदान-प्रदान को महत्वपूर्ण मंच प्रदान किया।

ऑटो रिक्शा में लगाई आग

संचार जगत

अजमेर। अजमेर के दरगाह थाना क्षेत्र के लाखन कोटडी इलाके में असामाजिक तत्वों ने एक ऑटो रिक्शा को आग के हवाले कर दिया। ऑटो मालिक का आरोप है कि क्षेत्र में नशेड़ियों का जमावड़ा रहता है और इनको पहले भी समझाया लेकिन माने नहीं। इन पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। ऑटो मालिक लक्ष्मण जेठानी ने बताया- ऑटो में आग लगने से करीब 70-80 हजार का नुकसान हुआ है। ऑटो एलपीजी का है और गनीमत रही कि विस्फोट नहीं हुआ। इलाके में आए दिन असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है, जिसके चलते इस तरह की घटनाएं सामने आती रहती हैं।

वियना ओपन : नंबर एक का ताज पहनने से पहले हारे ज्वेरेव



नई दिल्ली/संचार जगत

अलेक्जेंडर ज्वेरेव को पहली बार विश्व का नंबर एक पुरुष टेनिस खिलाड़ी का ताज पहनने से पहले हार का सामना करना पड़ा। ज़्वेरेव एर्स्टे बैंक ओपन के सेमीफाइनल में एलेक्स डी मिनौर से हारने के के कारण अपनी इस उपलब्धि को यादगार नहीं बना पाएंगे।

डी मिनौर ने निर्णायक टाईब्रेक में शुरुआती 3-0 की बढ़त बनाने के बाद 6-4, 1-6, 7-6 (4) से जीत हासिल की। इससे उनकी सत्र के आखिरी टूर्नामेंट एटीपी फाइनल के लिए क्वालीफाई करने की संभावना बढ़ गई हैं। ज़्वेरेव सोमवार को यानिक सिनर की जगह नंबर एक खिलाड़ी बन जाएंगे। यह जर्मन खिलाड़ी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाले 30वें खिलाड़ी होंगे। फाइनल में डी मिनौर का सामना कार्लोस अल्काराज से होगा। अल्काराज ने दूसरे सेमीफाइनल में दानिल मेदवेदेव को 6-4, 7-6 (2) से हराया।

स्विस इंडोर : फाइनल में वाचेरोट की लेहेका से भिड़ंत



बासेल। वैलेंटीन वाचेरोट ने अमेरिका के छठी वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज को 7-6 (5), 6-3 से हराकर स्विस इंडोर टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। मोनाको के वाचेरोट ने अपने करियर के दूसरे और 2026 में पहले फाइनल में प्रवेश किया। वह इससे पहले पिछले साल शंघाई मास्टर्स के फाइनल में पहुंचे थे, जहां उन्होंने खिताब जीता था। फाइनल में उनका मुकाबला जिरी लेहेका से होगा। चेक गणराज्य के आठवीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी लेहेका ने जर्मनी के जान लेनार्ड स्ट्रफ को 3-6, 7-5, 6-4 से हराया। स्ट्रफ ने इससे पहले नोवाक जोकोविच को हराकर उन्हें टूर्नामेंट से बाहर कर दिया था।

टीम इंडिया ने 3-2 से जीती सीरीज

न्यूजीलैंड ने 7 विकेट से जीता आखिरी टी-20

नई दिल्ली/संचार जगत

भारत को टिम सीफर्ट को शुरू में ही जीवनदान देना महंगा पड़ा क्योंकि इस सलामी बल्लेबाज ने इसका पूरा फायदा उठाकर 50 गेंद पर 93 रन की तूफानी पारी खेली, जिससे न्यूजीलैंड ने रविवार को खेले गए पांचवें और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में दो ओवर शेष रहते हुए 7 विकेट से जीत दर्ज की।

भारत पहले तीन मैच जीतकर पांच मैच की श्रृंखला में अजेय बढ़त हासिल कर चुका था। इस तरह से उसने श्रृंखला 3-2 से अपने नाम की। सीफर्ट जब 13 रन पर खेल रहे थे तब नमन धीर ने उनका आसान कैच टपका दिया। उन्होंने इसके बाद 11 चौकों और 5 छक्कों से सजी अपनी पारी से भारतीय गेंदबाजों को पस्त किया। ग्लेन फिलिप्स ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए 38 गेंद पर नाबाद 65 रन बनाए, जिससे न्यूजीलैंड ने 18 ओवर में 3 विकेट पर 195 रन बनाकर 4 नवंबर से शुरू होने वाली वनडे श्रृंखला से पहले मनोबल बढ़ाने वाली जीत दर्ज की।



श्रेयस और ईशान ने लगाए अर्धशतक

भारत ने श्रृंखला में पहली बार टॉस गंवाने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान श्रेयस अय्यर (23 गेंद पर 50, 3 चौके, 4 छक्के) और ईशान किशन (32 गेंद पर 61, 5 चौके, 5 छक्के) के बीच 107 रन की साझेदारी की मदद से 8 विकेट पर 191 रन बनाए। भारत को अपेक्षाकृत कम स्कोर पर रोकने में एडम मिल्ने ने अहम भूमिका निभाई। उन्होंने 4 ओवर में 19 रन देकर 4 विकेट लिए। नाथन स्मिथ और ब्लेयर टिकनर ने दो-दो विकेट लेकर उनका अच्छा साथ दिया। अर्शदीप सिंह ने फिन एलन को जल्द ही चलता कर दिया। उन्हें अपने अगले ओवर में सीफर्ट का विकेट भी मिल जाता लेकिन नमन ने उन्हें जीवनदान दिया। उन्होंने इसका जश्न छक्का लगाकर मनाया। डेरिल मिचेल (16 गेंद पर 29, चार छक्के) ने प्रिंस यादव का स्वागत लगातार दो छक्के लगाकर किया जबकि सीफर्ट ने पावर प्ले के आखिरी ओवर में भुवनेश्वर पर दो चौके और दो छक्के लगाकर 20 रन बटोरे।

न्यूजीलैंड ने पावर प्ले में बनाए 59 रन

न्यूजीलैंड ने इस तरह से पावर प्ले में विकेट पर 59 रन बनाए। श्रृंखला में अपना पहला मैच खेल रहे स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने मिचेल को आउट करके सीफर्ट के साथ उनकी 73 रन की साझेदारी तोड़ी। सीफर्ट ने नीतीश कुमार रेड्डी पर छक्का लगाकर 34 गेंद पर अर्धशतक पूरा किया। नीतीश ने सीफर्ट को बोल्ड करके उन्हें अपने करियर का पहला शतक नहीं बनाने दिया लेकिन तब तक वह फिलिप्स के साथ मिलकर टीम को जीत के करीब पहुंचा चुके थे। इन दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 86 रन की साझेदारी की। फिलिप्स ने अर्शदीप पर चौका लगाकर 29 गेंद पर अपना अर्धशतक पूरा किया।



फिलिप्स ने सीरीज में बनाए सर्वाधिक रन

फिलिप्स ने इस श्रृंखला में 341 रन बनाए, जो किसी द्विपक्षीय श्रृंखला में सर्वाधिक रन का नया रिकॉर्ड है। इससे पहले भारतीय पारी तीन चरणों में गुजरी। उसकी शुरुआत अच्छी नहीं रही लेकिन बीच के ओवरों में उसने तेजी से रन बनाए और डेथ ओवरों में फिर से कुछ खास नहीं कर पाए।

भारत ने न्यूजीलैंड से जीती लगातार छठी सीरीज

भारत ने हालांकि न्यूजीलैंड के सामने लगातार छठी टी20 सीरीज जीती। उसने इस टीम के सामने 2019 के बाद से इस फॉर्मेट में सीरीज नहीं गंवाई है। तब से भारत ने तीन बार घर और तीन बार बाहर कीवी टीम के सामने टी20 सीरीज जीती है। 2019 के बाद से दोनों के बीच द्विपक्षीय टी20 सीरीज में कुल 24 मैच हुए हैं। इनमें से 18 भारत ने जीते व चार गंवाए हैं। दो के नतीजे नहीं निकले।

ईशान ने तोड़ा रोहित शर्मा का रिकॉर्ड

ईशान किशन ने टी20आई में अपने 2000 रन 69 पारियों में पूरे किए और उन्होंने रोहित शर्मा को पीछे छोड़ दिया। रोहित शर्मा ने ये उपलब्धि अपने 77वें मैच में हासिल किया था। इस लिस्ट में पहले नंबर पर विराट कोहली हैं, जिन्होंने टी20आई में 2000 रन 56 पारियों में पूरे किए थे जबकि रोहित के साथ सूर्यकुमार यादव संयुक्त रूप से पहले नंबर पर हैं, जिन्होंने रन के इस आंकड़े को 56 पारियों में छू लिया था।

खबर संक्षेप

सेनेगल में युवा ओलंपिक खेलों का रंगारंग उद्घाटन



डकार। सेनेगल और अफ्रीकी संस्कृति से सरोबार युवा ओलंपिक खेलों का रंगारंग उद्घाटन किया गया। यह पहला अवसर है जबकि अफ्रीका महाद्वीप में किसी ओलंपिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। सेनेगल की राजधानी डकार के पास स्थित डायम्न्यिाडियो ओलंपिक स्टेडियम में आयोजित उद्घाटन समारोह में हजारों दर्शकों ने भाग लिया। सैकड़ों ढोल वादकों और नर्तकों ने खेलों के आदर्श वाक्य, 'अफ्रीका स्वागत करता है, डकार जश्न मनाता है' की तर्ज पर सेनेगल और अफ्रीकी संस्कृति की शानदार झलक पेश की। उद्घाटन समारोह में पश्चिम अफ्रीका का मौखिक कथावाचन, सेनेगल के गायकों के संगीत कार्यक्रम और खिलाड़ियों की परेड देखने को मिली।

फिट इंडिया साइकिलिंगः 500 से अधिक लोगों ने लिया हिस्सा

अहमदाबाद। राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर अहमदाबाद में आयोजित 'फिट इंडिया-संडेज ऑन साइकिल' कार्यक्रम के 97वें सत्र में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के कर्मियों सहित 500 से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम का आयोजन सरदार वल्लभभाई पटेल के राष्ट्रीय एकता और सामूहिक प्रयास के आदर्शों की भावना के अनुरूप किया गया। पटेल की जयंती 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई जाती है। भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के गांधीनगर क्षेत्रीय केंद्र ने फिट इंडिया मूवमेंट और माई भारत के सहयोग से वीर सावरकर खेल परिसर में इस कार्यक्रम का आयोजन किया।

- मैथ्यू बॉयल ने ठोका नाबाद शतक, फॉक्सक्रॉफ्ट ने लगाया अर्धशतक

न्यूजीलैंड ए ने की भारत ए के खिलाफ वापसी

नई दिल्ली/संचार जगत

मैथ्यू बॉयल के नाबाद शतक और डीन फॉक्सक्रॉफ्ट के अर्धशतक की मदद से न्यूजीलैंड ए ने रविवार को भारत ए के खिलाफ दूसरे अनौपचारिक टेस्ट के दूसरे दिन खराब शुरुआत से उबरते हुए 3 विकेट पर 218 रन बनाए।

बॉयल 148 गेंदों पर 107 रन बनाकर खेल रहे हैं। उन्होंने अब तक अपनी पारी में 14 चौके और एक छक्का लगाया है। फॉक्सक्रॉफ्ट 180 गेंदों पर 80 रन बनाकर खेल रहे हैं। उनकी पारी में नौ चौके शामिल हैं। इन दोनों ने चौथे विकेट के लिए 205 रन की अटूट साझेदारी करके न्यूजीलैंड की टीम को वापसी दिलाई।

भारतीय टीम ने पहली पारी में बनाए 346 रन

इससे पहले भारतीय टीम ने कप्तान ध्रुव जुरेल (105) के शतक की मदद से अपनी पहली पारी में 346 रन बनाए। इस तरह से भारत अभी न्यूजीलैंड से 128 रन आगे है। न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही। एक समय उसका स्कोर तीन विकेट पर 13 रन था। मोहम्मद सिराज और मुकेश कुमार ने उसे शुरुआती झटके दिए। सिराज ने कप्तान राइस मारियू (04) को आउट किया, जिन्हें जुरेल ने विकेट के पीछे कैच किया।



सबसे सफल गेंदबाज रहे मुकेश

भारतीय गेंदबाजों में मुकेश सबसे सफल रहे। उन्होंने अब तक 16 ओवरों में 44 रन देकर दो विकेट लिए हैं जबकि सिराज ने अपने 16 ओवरों में 49 रन देकर एक विकेट लिया है। वाशिंगटन सुंदर और आकाश दीप को कोई विकेट नहीं मिला lइससे पहले भारत ए में सुबह अपनी पारी सात विकेट पर 291 रन से आगे बढ़ाई और इसमें 55 रन जोड़े। पहले दिन 99 रन पर खेलने वाले जुरेल ने अपना शतक पूरा किया लेकिन इसके बाद वह जल्द ही आउट हो गए। उन्होंने 171 गेंदों का सामना किया और 11 चौके और तीन छक्के लगाए। आकाश दीप ने बल्लेबाजी में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया।

नामीबिया ने रचा इतिहास आयरलैंड को 5 विकेट से हराया

विंडहोक। नामीबिया ने आयरलैंड के खिलाफ रविवार को नामीबिया क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए वनडे सीरीज के पांचवें और अंतिम मैच को 5 विकेट से जीता। इसी के साथ नामीबिया ने सीरीज 3-2 से अपने नाम की।

ऐसा पहली बार था, जब नामीबिया ने किसी पूर्ण सदस्य देश के खिलाफ सीरीज जीती।आयरलैंड ने वनडे सीरीज का पहला मैच 55 रन से अपने नाम किया था, जिसके बाद नामीबिया ने अगले दो मैच 31 रन और 63 रन से जीते। हालांकि, आयरलैंड ने चौथा मुकाबला 130 रन से जीतकर सीरीज को रोमांचक बना दिया, जिसके बाद नामीबिया ने अंतिम मैच को अपने नाम करते हुए सीरीज जीत ली।

हांगकांग सिक्सेस 2026 : भारत की बांग्लादेश के खिलाफ रोमांचक जीत

- अफगानिस्तान ने जीता ऑस्ट्रेलिया को हराकर खिताब

नई दिल्ली/संचार जगत



भारत ने हांगकांग सिक्सेस 2026 में अपने अभियान का समापन जीत के साथ किया जब टीम ने यहां बाउल डिवीजन के प्लेऑफ मुकाबले में बांग्लादेश को 5 विकेट से हराया। भारत ने 117 रन का लक्ष्य मैच की आखिरी गेंद पर हासिल किया।

अफगानिस्तान ने रोमांचक फाइनल में लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया को 4 विकेट से हराकर पहली बार हांगकांग सिक्सेस का खिताब अपने नाम किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरे बांग्लादेश ने तूफानी शुरुआत करते हुए पहले ओवर में 24 रन बनाए। हालांकि भारतीय कप्तान कृणाल पंड्या ने अपने दो ओवर के स्पेल में तीन विकेट लेकर विपक्षी टीम की रफ्तार पर अंकुश लगाया। उन्होंने शब्बीर रहमान, एम चौधरी और मोहम्मद रिजवान को आउट किया। बांग्लादेश के कप्तान अबू हैदर ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए महज 18 गेंद में नाबाद 62 रन बनाए। बांग्लादेश ने छह ओवर में 116 रन बनाए।

शशांक ने महज 15 गेंद में ठोक 50 रन

लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को शशांक सिंह और राहुल त्रिपाठी ने शानदार शुरुआत दिलाई। दोनों ने पहले विकेट के लिए 69 रन जोड़े। त्रिपाठी ने 12 गेंद में 32 रन बनाए, जबकि शशांक ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए महज 15 गेंद में 50 रन ठोक दिए। उनकी पारी में एक चौका और सात छक्के शामिल थे।

हाइलो ओपन

सिंधू ने जीता खिताब, केयर्सफेल्ड को 39 मिनट में दी शिकस्त



नई दिल्ली/संचार जगत

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने रविवार को डेनमार्क की विश्व रैंकिंग में 25वें स्थान पर काबिज लाइन होजमार्क केयर्सफेल्ड को सीधे गेम में हराकर हाइलो ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया, जो मौजूदा सत्र का उनका दूसरा खिताब है। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू ने पांच लाख डॉलर इनामी राशि वाले इस टूर्नामेंट के 39 मिनट तक चले फाइनल में आठवीं वरीयता प्राप्त केयर्सफेल्ड को 21-12, 21-14 से शिकस्त दी। जुलाई में जापान ओपन में खिताब जीतने वाली और पिछले सप्ताह फ्रेंच ओपन में उपविजेता रही सिंधू ने पूरे मुकाबले में शानदार नियंत्रण और दमदार खेल का प्रदर्शन किया। विश्व रैंकिंग में आठवें स्थान पर काबिज भारतीय खिलाड़ी ने इस जीत के साथ 9,200 रैंकिंग अंक हासिल किए और सत्र के अंत में होने वाले विश्व टूर फाइनल्स में जगह बनाने की अपनी दावेदारी मजबूत की।

सिंधू ने की आत्मविश्वास के साथ शुरुआत

दूसरी वरीयता प्राप्त सिंधू का फाइनल से पहले केयर्सफेल्ड के खिलाफ जीत-हार का रिकॉर्ड 6-1 था। डेनमार्क की खिलाड़ी को उनके खिलाफ एकमात्र जीत 2025 सुदीरमन कप फाइनल्स में मिली थी। सिंधू ने आत्मविश्वास के साथ शुरुआत की लेकिन उनकी कुछ गलतियों के कारण डेनमार्क की खिलाड़ी 3-3 से बराबरी हासिल करने में सफल रही। केयर्सफेल्ड ने रैलियों को लंबा खींचने की कोशिश की लेकिन सिंधू के चतुराई भरे शॉट और नेट पर शानदार खेल ने उन्हें 8-5 की बढ़त दिला दी और भारतीय खिलाड़ी ब्रेक तक तीन अंक की बढ़त बनाने में सफल रही।भारतीय खिलाड़ी ने कोर्ट के पिछले हिस्से से सटीक पुश शॉट लगाकर 14-11 की बढ़त बनाई और फिर शानदार बैकहैंड विनर के साथ स्कोर 17-12 कर दिया।

सिंधू ने रखी अपनी मजबूत स्थिति बरकरार

केयर्सफेल्ड ने वापसी करते हुए स्कोर 6-7 किया लेकिन इसके बाद वह दो शॉट बाहर मार बैठीं। सिंधू ने एक और विनर लगाकर अपनी बढ़त को 10-6 किया। सिंधू ने अपनी मजबूत स्थिति बरकरार रखते हुए स्कोर 17-11 किया जबकि डेनमार्क की खिलाड़ी को नेट पर अपने खेल को लेकर जूझना पड़ा। सिंधू ने आक्रामक रिटर्न शॉट के साथ छह चैंपियनशिप प्वाइंट हासिल किए और फिर नेट पर केयर्सफेल्ड की गलती का फायदा उठाकर मैच और खिताब अपने नाम कर लिया।

चेन्नई ओपन में भारतीय खिलाड़ियों के पास आखिरी मौका

वैष्णवी-सहजा-माया घरेलू कोर्ट पर दिखाएंगी दम

नई दिल्ली/संचार जगत

डब्ल्यूटीए के मुख्य टूर कैलेंडर से भारत की मेजबानी छिनने की आशंका के बीच सोमवार से शुरू होने वाले चेन्नई ओपन टेनिस टूर्नामेंट में वैष्णवी अडकर, सहजा यमलापल्ली और माया राजेश्वरन रेवती के पास अपने घरेलू मैदान पर छाप छोड़ने का आखिरी मौका होगा।

इन तीनों भारतीय खिलाड़ियों ने वाइल्ड कार्ड से टूर्नामेंट के एकल के मुख्य ड्रॉ में प्रवेश किया है और वह इसमें अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध होंगे क्योंकि उन्हें पता है कि यह टूर्नामेंट देश में डब्ल्यूटीए 250 स्तर का अंतिम टूर्नामेंट है। विश्व रैंकिंग में शीर्ष 300 से बाहर चल रही इन तीनों खिलाड़ियों के लिए डब्ल्यूटीए 250 टूर्नामेंटों में सीधे प्रवेश पाना अभी दूर की कौड़ी है। घरेलू टूर्नामेंट होने के कारण उन्हें वाइल्ड कार्ड से अपना कौशल दिखाने का मौका मिला है। उन्हें हालांकि अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों का डटकर सामना करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।



माया ने दिया प्रतिभा का परिचय

सत्रह वर्षीय माया विश्व रैंकिंग में शीर्ष 500 खिलाड़ियों में भी शामिल नहीं है। माया ने हाल ही में डब्ल्यू35 लागोस टूर्नामेंट में अपना पहला पेशेवर एकल खिताब जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। उन्होंने फाइनल में स्पेन की सेलिया सेर्विंगो रुइज को 6-4, 6-2 से हराया और उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में एक भी सेट नहीं गंवाया। उन्होंने लागोस में युगल खिताब भी जीता।चेन्नई ओपन के पिछले दो टूर्नामेंट में कोई भी भारतीय खिलाड़ी दूसरे दौर से आगे नहीं बढ़ पाया और इस बार उनका लक्ष्य इससे आगे बढ़ना होगा।

वैष्णवी का सामना बुरेज से

वैष्णवी ब्रिटेन की जोड़ी बुरेज (विश्व रैंकिंग 471) के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेंगी, जबकि सहजा स्विट्जरलैंड की सिमोना वाल्टरट (128) का सामना करेंगी। माया का मुकाबला पोलैंड की आठवीं वरीयता प्राप्त और विश्व रैंकिंग में 106वें स्थान पर कातारजीना कावा से होगा। पिछले कुछ दिनों में कई खिलाड़ियों के नाम वापस लेने के बाद इस प्रतियोगिता की चमक फीकी पड़ गई है। टूर्नामेंट से हटने वालों में थाईलैंड की विश्व में 57वें नंबर की खिलाड़ी लैनलाना तारारुदी, कजाकिस्तान की विश्व में 67वें नंबर की खिलाड़ी यूलिया पुतिनत्सेवा और जर्मनी की विश्व में 70वें नंबर की खिलाड़ी तात्याना मारिया शामिल हैं।

पायलट प्रोजेक्ट रिकॉर्ड 30 दिनों के भीतर केसर के फूल खिलना शुरू हुए, बंजर भूमि को लेकर प्रयोग रहा सफल

लद्दाख में खिले केसर के फूल, खेती के खुले नए रास्ते

नई दिल्ली/संचार जगत

केन्द्र शासित प्रदेश लद्दाख के काफी ऊंचाई वाले जगहों पर केसर की खेती में एक नई सफलता हासिल हुई है। सामान्य तौर पर फूल खिलने में लगने वाले दो महीने के समय के विपरीत यहां रिकॉर्ड 30 दिनों के भीतर केसर के फूल खिलना शुरू हो गए हैं।

लेह में हाल ही में बंजर भूमि को लेकर एक प्रयोग किया गया था और इसमें जमीन की कुछ देखभाल के बाद प्रयोग के तौर पर केसर की खेती शुरू की गयी। अब इस खेती ने पहले ही महीने रंग लाना शुरू कर दिया है।



औसतन 20 से 25 फूल रोजाना खिल रहे, रविवार सुबह खिले 72 फूल



लद्दाख के एलजी विनय कुमार सक्सेना ने केसर की फसल का निरीक्षण किया।

लद्दाख के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर यह जानकारी दी। उन्होंने लिखा है कि वर्तमान में औसतन 20 से 25 फूल रोजाना खिल रहे हैं, जबकि रविवार सुबह 72 फूल खिले। केवल चार दिनों के भीतर ही लगभग 22 ग्राम शुद्ध केसर एकत्र किया जा चुका है। उपराज्यपाल ने इस पायलट प्रोजेक्ट की सफलता में अहम योगदान देने के लिए केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के कृषि विभाग, समर्पित वैज्ञानिकों और मैदानी कर्मचारियों के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी है।

इसे लद्दाख की पर्यावरण सहनशीलता और क्षेत्र में उच्च ऊंचाई वाली खेती की असीम और अप्रयुक्त संभावनाओं का एक बड़ा प्रमाण माना जा रहा है। इस सफलता से लद्दाख में कृषि, कृषि-आधारित उद्यमिता के नए रास्ते खुलेंगे और एक मजबूत, समृद्ध तथा आत्मनिर्भर स्थानीय अर्थव्यवस्था का रास्ता खुलेगा।

संजय गुप्ता की अंतिम विदाई

बेटी ने पैपराजी का किया अपमान



मुम्बई, आरएनएए। बॉलीवुड इंडस्ट्री को शनिवार को एक झटका तब लगा जब फिल्ममेकर संजय गुप्ता का अचानक निधन हो गया। परिवार में मातम पसरा हुआ था, लेकिन उस बीच उनकी बेटी का एक वीडियो वायरल हुआ।

बीते दिन संजय गुप्ता के अंतिम संस्कार के बाद पैपराजी ने डायरेक्टर की बेटी दलाई गुप्ता का एक वीडियो शेयर किया, जिसमें उनका दावा है कि वो पैप्स को आपत्तिजनक इशारे कर रही थीं। वीडियो में वो उन्हें मिडल फिंगर दिखाकर हंस रही थीं। हालांकि इस बात की पुष्टि नहीं की जा सकती कि वो संजय गुप्ता की बेटी ही थीं, क्योंकि तब उन्होंने अपना चेहरा छिपाया हुआ था। वीडियो में एक लड़की कार की आगे वाली सीट पर बैठी नजर आ रही है। उसने हुडी से अपना चेहरा ढक रखा है।

वीडियो में लड़की फोटोग्राफर्स की तरफ देखकर हंसती हुई नजर आती है और फिर उन्हें मिडिल फिंगर दिखाती है, जिसे आपत्तिजनक इशारा माना जाता है। कार चला रहा शख्स उसे रोकने की कोशिश करता हुआ दिखाई देता है, लेकिन लड़की फिर भी ऐसा करती रहती है। पीछे बैठा एक शख्स भी उसे रोकने की कोशिश करता नजर आता है।

रंग बदलने वाली कार भारत में

मेसेराटी की एमसीपुरा 4.35 करोड़ रु. से शुरू

नई दिल्ली/संचार जगत

लग्जरी स्पोर्ट्स कारों के शौकीनों के लिए इटली की मशहूर कार निर्माता कंपनी मेसेराटी ने भारतीय बाजार में अपनी 2027 एमसीपुरा रेंज पेश की है। इस सुपरकार की सबसे बड़ी खासियत इसकी खास पेंट तकनीक है, जो सूरज की रोशनी पड़ने पर रंग बदलने जैसा सतरंगी प्रभाव पैदा करती है। कंपनी ने इसे एआई एक्वा रेनबो कलर पेंट स्कीम नाम दिया है। खुले आसमान के नीचे रोशनी के कोण के अनुसार कार का बाहरी रंग अलग-अलग दिखाई देता है।



कूपे और कन्वर्टिबल में अलग फिनिश

इस खास पेंट स्कीम को कार के दोनों संस्करणों में अलग-अलग फिनिश के साथ पेश किया गया है। कूपे संस्करण में प्रीमियम मैट फिनिश दी गई है, जबकि कन्वर्टिबल यानी एमसीपुरा सिएलो में ग्लॉस फिनिश उपलब्ध है। रोशनी पड़ने पर इसकी बॉडी पर इंद्रधनुष जैसे कई रंगों का आकर्षक प्रभाव दिखाई देता है।

दमदार इंजन और शानदार रफ्तार

2027 मेसेराटी एमसीपुरा में 3.0 लीटर का ट्विन-टर्बो नेट्टुनो वी6 पेट्रोल इंजन दिया गया है। यह इंजन 630 हॉर्सपावर की अधिकतम ताकत और 720 एनएम का टॉर्क पैदा करता है। इसमें 8-स्पीड डुअल-क्लच ऑटोमैटिक गियरबॉक्स दिया गया है। कंपनी के अनुसार, यह कार महज 2.9 सेकंड में शून्य से 100 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार पकड़ सकती है। इसकी अधिकतम गति 320 किलोमीटर प्रतिघंटा से ज्यादा है।

कीमत 5.20 करोड़ तक

भारतीय बाजार में एमसीपुरा के कूपे संस्करण की एक्स-शोरूम कीमत 4.35 करोड़ रुपए रखी गई है। वहीं, इसके कन्वर्टिबल संस्करण एमसीपुरा सिएलो की कीमत 5.20 करोड़ रुपए है। पिछले मॉडल की तुलना में कूपे संस्करण 23 लाख रुपए और सिएलो संस्करण 8 लाख रुपए महंगा हुआ है।

चक्रवाती तूफान अर्नब के असर से बिगड़ा मौसम

नेपाल के डोल्पा में भारी बर्फबारी के बाद 6 भारतीय पर्यटक लापता

नेटवर्क गायब होने से राहत कार्य में बाधा हेलिकॉप्टर से बचाव अभियान जारी

नई दिल्ली/संचार जगत

नेपाल के उच्च हिमालयी क्षेत्र डोल्पा में अचानक हुए भारी हिमपात के कारण छह भारतीय पर्यटक लापता हो गए हैं। लापता पर्यटकों में दो महिलाएं और चार पुरुष शामिल हैं। यह सभी पर्यटक डोल्पा के धो क्षेत्र से सुप्रसिद्ध शे-फोक्सुंडो झील की ओर लौट रहे थे। इसी दौरान अत्यधिक बर्फबारी के कारण उनके नुमला पास और वागला पास के पास फंस जाने की गंभीर आशंका जताई जा रही है। पर्यटकों से कोई संपर्क नहीं होने के बाद स्थानीय प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप मच गया है।

जानकारी के अनुसार, बंगाल की खाड़ी में उठे चक्रवाती तूफान अर्नब के प्रभाव के चलते नेपाल के उच्च हिमालयी इलाकों में मौसम अचानक काफी खराब हो गया है। इसके कारण डोल्पा के ऊंचाई वाले पहाड़ी क्षेत्रों में लगातार भारी बर्फबारी हो रही है। स्थानीय गाइडों और ग्रामीणों ने पर्यटकों को मौसम खराब होने और दर्रे पार न करने की चेतावनी दी थी, लेकिन पर्यटक आगे बढ़ गए और वापसी के दौरान बर्फबारी की चपेट में आकर संपर्क विहीन हो गए। शे-फोक्सुंडो गांवपालिका के अध्यक्ष धावा सम्दुक गुरुङ के अनुसार, नुमला पास और वागला पास क्षेत्र में मोबाइल नेटवर्क और संचार सुविधा बिल्कुल नहीं है।



चौतरफा दिख रहा तबाही का मंजर

नेपाली सेना तैनात, हेलिकॉप्टर बढ़ाने की मांग

डोल्पा की प्रमुख जिला अधिकारी जुनु हमाल और डीएसपी अनिलराज गिरी ने बताया कि लापता भारतीय पर्यटकों की सुरक्षित निकासी के लिए नेपाल सरकार से हेलिकॉप्टर उपलब्ध कराने की मांग की गई है। इसके साथ ही लापता पर्यटकों की तलाश के लिए नेपाली सेना की विशेष टीम को भी मैदान में उतार दिया गया है। हालांकि, खराब मौसम और घने हिमपात के कारण रेस्क्यू ऑपरेशन काफी चुनौतीपूर्ण बना हुआ है।

लापता लोगों में दो महिलाएं भी शामिल

भारत के टूरिस्ट, जिनमें दो महिलाएं और चार पुरुष शामिल हैं, के लापता होने की पुष्टि हुई है, जब वे डोल्पो बुद्ध रूरल म्युनिसिपैलिटी के वार्ड नंबर 4 और 8 से शे-फोकसुंडो झील की ओर जा रहे थे। लोकल गाइड को शक है कि टूरिस्ट हिमालयी इलाके में भारी बर्फबारी के बाद फंस गए होंगे , जो बंगाल की खाड़ी में बन रहे साइक्लोन अर्नब की वजह से हुआ है। माना जा रहा है कि लौटते समय वे बर्फ में फंस गए।

244 पर्यटकों की मौजूदगी है

नेटवर्क की अनुपस्थिति और लगातार गिरती बर्फ के कारण पर्यटकों की सटीक स्थिति का पता लगाना बेहद कठिन हो रहा है। जिला प्रशासन कार्यालय के अनुसार फिलहाल उपल्लो डोल्पा क्षेत्र में 244 पर्यटक मौजूद हैं, जिन्हें सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी गई है।

लौटते समय बर्फ में फंसे!

डोल्पा की चीफ डिस्ट्रिक्ट ऑफिसर जुनू हमाल ने कन्फर्म किया कि टूरिस्ट धो से फ़ोकसुंडो लेक की ओर लौटते समय फँस गए थे। उन्होंने कहा, उन्हें लोकल लोगों ने खराब मौसम और पहाड़ों के हालात के बारे में चेतावनी दी थी, लेकिन वे अपनी यात्रा पर निकल गए। वहीं, पालिका के चेयरमैन धवा समदुक गुरुंग ने कहा, वार्ड 4 और 8 के बीच पहाड़ी दर्रों में मोबाइल फ़ोन कम्युनिकेशन उपलब्ध नहीं है, जिससे टूरिस्ट कहाँ हैं और उनकी मौजूदा हालत के बारे में जानकारी मिलना मुश्किल हो जाता है।

ईवी की चार्जिंग की बनी परेशानी

पेट्रोल-डीजल जैसी कारें चाहते हैं 82 प्रतिशत लोग

नई दिल्ली/संचार जगत

देश में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) का बाजार तेजी से विस्तार कर रहा है, लेकिन इनकी कीमत और बैटरी से जुड़ी चिंताएं ग्राहकों के फैसले को प्रभावित कर रही हैं। खासकर 20 से 50 लाख रुपए सालाना पारिवारिक आय वाले ग्राहक चाहते हैं कि सरकारी सब्सिडी समाप्त होने के बाद भी इलेक्ट्रिक वाहनों की कीमत पेट्रोल, डीजल और सीएनजी से चलने वाली कारों के आसपास रहे। पल्सएआई रिसर्च की नई स्टडी ''द ग्रेट इंडियन स्विच'' के मुताबिक, इस आय वर्ग के 82.9 प्रतिशत ग्राहक सब्सिडी खत्म होने के बाद भी ईवी की कीमत पारंपरिक ईंधन वाली कारों के बराबर देखना चाहते हैं।



अतिरिक्त कीमत चुकाने को भी तैयार ग्राहक

68.4 प्रतिशत लोग इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने के लिए 21 से 30 प्रतिशत तक अधिक कीमत चुकाने को तैयार हैं। हालांकि, केवल 9.2 प्रतिशत लोगों ने कहा कि सब्सिडी हटने के बाद भी वे किसी भी कीमत पर इलेक्ट्रिक वाहन खरीदेंगे। इससे संकेत मिलता है कि ग्राहकों की दिलचस्पी बढ़ रही है, लेकिन कीमत को लेकर उनकी संवेदनशीलता बरकरार है।

बैटरी बदलने का खर्च सबसे बड़ी चिंता

ईवी खरीदने से पहले ग्राहकों को सबसे ज्यादा चिंता बैटरी बदलने पर आने वाले खर्च की है। सर्वे में 23.2 प्रतिशत लोगों ने इसे अपनी सबसे बड़ी परेशानी बताया। वहीं, 20.9 प्रतिशत लोगों को बैटरी में आग लगने और सुरक्षा से जुड़ी आशंकाएं हैं। इसके अलावा 20.1 प्रतिशत ग्राहकों ने चार्जिंग में अधिक समय लगने और 19.8 प्रतिशत ने समय के साथ बैटरी की क्षमता घटने को बड़ी समस्या माना। चार्जिंग स्टेशन की कमी से 17.8 प्रतिशत लोग चिंतित हैं, जबकि 13.5 प्रतिशत लोगों ने ईवी की शुरुआती कीमत को परेशानी का कारण बताया। रिपोर्ट के अनुसार, इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने को लेकर हिचकिचा रहे ग्राहकों का भरोसा जीतने के लिए आठ साल की बैटरी वारंटी सबसे पसंदीदा विकल्प है। 30.7 प्रतिशत लोगों ने इसे जरूरी बताया।

कतर से वार्ता के बाद दिया प्रस्ताव, अब ट्रम्प पर नजर

ईरान ने 2 दिन में होर्मुज खोलने का दिया ऑफर

तेहरान, आरएनएन। ईरान ने एक बार फिर होर्मुज खोलने का प्रस्ताव अमेरिका को दिया है। ईरान और कतर ने वार्ता के जरिए अमेरिका को शर्तें मानकर दो दिन के भीतर होर्मुज खोलने का ऑफर दिया है।

अमेरिका और ईरान में लगातार तनाव बरकरार

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि कतरी मध्यस्थों के साथ बातचीत के बाद तय किया गया है कि अगर अमेरिका तेहरान की शर्तें मान लेता है तो दो दिन में होर्मुज को फिर से खोल दिया जाएगा। फिलहाल अमेरिका की ओर से इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। प्रपोजल पर डोनाल्ड ट्रंप को फैसला लेना है। अल जजीरा के मुताबिक, अराघची ने बताया कि कतर के साथ चर्चा के बाद होर्मुज खोलने के लिए प्रस्तावित समय-सीमा को पांच से घटाकर दो दिन किया गया है।

ईरानी वार्ताकारों ने शनिवार को दोहा में कतरी मध्यस्थों के साथ बातचीत की है। कतर में यह बातचीत शुक्रवार को तेहरान में ईरानी और कतरी प्रतिनिधियों के बीच 12 घंटे की चर्चा के बाद हुई है।

क्या हैं ईरान की शर्तें

तेहरान की मांगों के बारे में बताते हुए ईरानी विदेश मंत्री ने कहा कि इनमें इस्लामाबाद मेमोरेंडम के बाद लगाए गए प्रतिबंधों को हटाना, क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य बलों की संख्या कम करना, तेल छूट (ऑयल वेवर्स) को बहाल करना और ईरान के फ्रीज किए गए फंड को जारी करना शामिल है। हम तेल छूट की बहाली और अपने सभी फ्रीज किए गए फंड को जारी करने की मांग करते हैं, जिसमें कतर में मौजूद फंड भी शामिल हैं। अराघची ने आगे कहा कि हमारी शर्तों में इस्लामाबाद मेमोरेंडम के बाद लगाए गए प्रतिबंधों को हटाना और क्षेत्र में अमेरिकी बलों की संख्या कम करना शामिल है। उन्होंने कहा, ईरान चाहता है कि होर्मुज में उन शिपिंग मार्गों को मान्यता दी जाए, जिन पर तेहरान ने ओमान के साथ चर्चा की थी। साथ ही अन्य मार्गों को बंद कर दिया जाए। हमारी शर्तों के अनुसार होर्मुज को फिर से खोलने से और वाशिंगटन से लंबित मुद्दों पर वार्ता शुरू करने का रास्ता साफ हो जाएगा। ईरान का यह प्रस्ताव ऐसे समय में आया है, जब वाशिंगटन और तेहरान के बीच वार्ता के संभावित ढांचे को लेकर राजनयिक स्तर पर चर्चा जारी है।

एनएसए डोभाल वियतनाम पहुंचे



हनोई, आरएनएन। एनएसए अजीत डोभाल रविवार को एक आधिकारिक यात्रा पर वियतनाम पहुंचे और इस दौरान वह द्विपक्षीय संबंधों को और प्रगाढ़ करने के लिए देश के नेतृत्व के साथ बात करेंगे। हनोई में भारतीय दूतावास ने एक्स पोस्ट में कहा कि डोभाल की यह यात्रा भारत-वियतनाम उन्नत व्यापक रणनीतिक साझेदारी' के अनुरूप है। मई में, भारत और वियतनाम ने अपने संबंधों को 'उन्नत व्यापक रणनीतिक साझेदारी' के स्तर तक पहुंचाया और 2030 तक 25 अरब अमेरिकी डॉलर का वार्षिक व्यापार लक्ष्य तय किया।

आर्मेनिया संसद में सेक्स मंत्रालय को लेकर चले लात-घूंसे, सदन में हंगामा

नई दिल्ली/संचार जगत

अर्मेनिया की संसद में एक बार फिर झगड़ा हुआ और एक महीने में यह तीसरी बार है। वैसे तो भ्रष्टाचार और सरकारी पैसों के कथित गबन के आरोपों को लेकर यहां पहले से बवाल हो रहा है। लेकिन इस बार झगड़े की वजहों में सेक्स मिनिस्ट्री को लेकर किया गया एक पुराना कमेंट भी शामिल है।

कुछ महीनों पहले विपक्षी पार्टी से जुड़े एक शख्स ने सेक्स मिनिस्ट्री को लेकर एक बयान दिया था, जिसे लेकर अब सदन में हंगामा हो गया और विवाद लात-घूंसों तक पहुंच गया।



सेक्स मिनिस्ट्री को लेकर विवाद क्या है : दरअसल, सेक्स मिनिस्ट्री को लेकर यह विवाद किसी आधिकारिक सरकारी प्रस्ताव या संसद में पेश किए गए विधेयक से नहीं जुड़ा है। इसका कनेक्शन जनवरी में जारी हुए एक पॉडकास्ट से है। उस वक्त आर्मेनिया में विपक्षी पार्टी स्ट्रॉन्ग आर्मेनिया से जुड़े सरगिस करापेत्यान ने एक पॉडकास्ट में देश की जनसंख्या से जुड़ी समस्या पर बातचीत की थी। पॉडकास्ट में एक अन्य प्रतिभागी ने मिनिस्ट्री ऑफ सेक्स का काल्पनिक नाम सुझाया। इस पर सरगिस करापेत्यान ने कहा कि सेक्स के बिना जनसांख्यिकीय समस्याओं का समाधान नहीं हो सकता। इसी बातचीत में मिनिस्ट्री ऑफ सेक्स बनाने का सुझाव आया।

नेपाल में भारी बर्फबारी, ट्रेकिंग के दौरान छह भारतीय पर्यटक लापता

नई दिल्ली/संचार जगत

नेपाल के हिमालयी क्षेत्र में भारी बर्फबारी के बाद छह भारतीय पर्यटक लापता हो गए हैं। इनमें दो महिलाएं और चार पुरुष शामिल हैं। सभी पर्यटक नेपाल की सबसे गहरी झीलों में से एक शे-फोक्सुंडो की ट्रेकिंग पर निकले थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पर्यटक डोल्पो बुद्ध ग्रामीण नगरपालिका के वार्ड नंबर चार और आठ से झील की ओर जा रहे थे। उन्हें आखिरी बार शे-फोक्सुंडो ग्रामीण नपा के वार्ड चार और आठ के बीच स्थित नुमला पास और बागला पास के इलाकों में देखा गया था। गाइडों को आशंका है कि चक्रवात अर्नब के प्रभाव से हुई भारी बर्फबारी से पर्यटक पहाड़ों में फंस गए हैं। स्थानीय लोगों ने उन्हें आगे नहीं बढ़ने की चेतावनी दी थी। इसके बावजूद पर्यटकों ने यात्रा जारी रखी।

नागपुर के आठ ज्वेलर्स को रंगदारी की धमकी

लॉरेंस गैंग के नाम से प्रत्येक से मांगे 10 लाख

नई दिल्ली/संचार जगत

नागपुर में रविवार को रंगदारी की धमकी से ज्वेलर्स में चिंता बढ़ गई है। कथित तौर पर आठ सर्राफा कारोबारियों को कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के नाम से धमकी भरे पत्र भेजे हैं। प्रत्येक से 10 लाख की मांग की है। डाक के जरिए भेजे गए इन पत्रों में कथित तौर पर कारोबारियों को गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी गई है। रकम नहीं देने पर उन्हें गोली मारने या जान से खत्म करने की धमकी दी गई है। कहा-जैसे टाइगर श्रॉफ को मारा, वैसे ही मारेंगे। तीन से पांच दिन में रकम देने का अल्टीमेटम- रिपोर्टों के अनुसार, धमकी भरे पत्रों में कारोबारियों को अलग-अलग समयसीमा दी गई है। कुछ से तीन दिन के भीतर, जबकि अन्य से पांच दिन में रकम जुटाने को कहा गया है।

स्वामित्व, प्रकाशक एवं संपादक : अवंतिका राठौड़ - पी.के. प्रिंटर्स एंड स्टेशनर्स, 31, राम मंदिर के पास, पटेल नगर, 22 गोदाम, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यालय : जे-17, रमेश मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर। संपर्क : 0141 463 7668
ई-मेल : sancharjagat@gmail.com| आरएनआई नं. : RAJHIN/2014/55262 समाचार चयन के लिए पीआरबी अधिनियम के तहत जिम्मेदार। न्यायाधिकार क्षेत्र : जयपुर महानगर।